दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 । अंक: 239 जयपुर, बुधवार, 07 अगस्त, 2024 । श्रावण, शुक्ल पक्ष-तृतीया , विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### आज ठाठ से निकलेगी तीज माता की सवारी



**जयपुर** । जयपुर में तीज महोत्सव की शुरुआत हो चुकी है। हरियाली तीज के पहले दिन मंगलवार को लोकपर्व सिंजारा मनाया गया। बुधवार को त्रिपोलिया गेट से तीज माता की शाही सवारी निकाली जाएगी। शहर के आराध्य गोविंद देव जी के मंदिर में मंगलवार को सिंजारा का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर ठाकुरजी का विशेष श्रृंगार कर लाल मेंहदी लगाई गई। सिंजारे की झांकी के दौरान ठाकुर जी को काले रंग की लप्पा जामा पोशाक धारण करवाई गई। इधर, तीज माता की सवारी के अवसर पर जयपुर में सरकारी कार्यालयों में आधे दिन का अवकाश रहेगा।

### भारतीय हॉकी टीम का गोल्ड जीतने का सपना टूटा

**पेरिस**। भारतीय हॉकी टीम को पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल में जर्मनी के खिलाफ 3-2 से हार झेलनी पड़ी है। जर्मनी के मार्को मिल्तको ने आखिरी मिनट में गोल करके टीम इंडिया से जीत छीन ली। एक समय स्कोर 2-2 से बराबरी पर चल रहा था, लेकिन उनके गोल की वजह से भारत को हार का मुंह देखना पड़ा। अब ब्रॉन्ज मेडल के मैच में हॉकी टीम का सामना स्पेन की टीम से होगा। मैच की शुरुआत में ही भारत को कई पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन भारतीय टीम को सफलता नहीं मिल पाई। इसके बाद सातवें मिनट में भारत के कप्तान हरमप्रीत सिंह ने कोई गलती नहीं की और दमदार अंदाज में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर दिया। फिर भारतीय हॉकी टीम ने पहले क्वार्टर में 1-0 की बढ़त कायम रखी।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

## पेरिस ओलंपिक: गोल्डन बॉय और धाकड़ गर्ल ने किया कमाल

# नीरज और विनेश फोगाट फाइनल में...



बेधड़क | पेरिस

पेरिस ओलंपिक में मंगलवार को देश की दो प्रतिभाओं ने देश में सीना चौड़ा कर दिया। जहां गोल्डन ब्वॉय जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने थ्रो में ही क्वालिफिकेशन मार्क पार करते हुए फाइनल में जगह बनाई। वहीं धाकड़ गर्ल नाम से मशहूर भारतीय महिला रेसलर विनेश फोगाट ने 50 किग्रा फ्रीस्टाइल रेसलिंग फाइनल में स्थान बना लिया। वहीं भारत के गोल्डल बॉय नीरज चोपड़ा ने मंगलवार को पेरिस ओलंपिक 2024 में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में अपना सीजन बेस्ट 89.34 मीटर का थ्रो किया है। बता दें कि टोक्यो 2020 के चैंपियन नीरज यहां पुरुषों भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाले 5वें एथलीट हैं। नतीजतन, उन्होंने क्वालीफिकेशन मार्क को आसानी से पार कर लिया और लगातार दूसरी बार ओलंपिक के फाइनल में पहुंच गए।

### विनेश ने रचा इतिहास, रजत तो पक्का...सोना भी संभव

महिला रेसलर विनेश फोगाट ने 50 किग्रा फ्रीस्टाइल रेसलिंग के सेमीफाइनल में क्यूबा की पहलवान गुजमान लोपेज को 5-0 से रौंद कर फाइनल में स्थान बना लिया। इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही विनेश का सिल्वर मेडल पक्का हो गया है। वहीं, विनेश ओलंपिक में मेडल जीतने वाली दूसरी महिला रेसलर बन गई हैं। इससे पहले महिला रेसलिंग में भारत के लिए साक्षी मलिक ने ब्रॉन्ज मेडल जीता था। अगर फाइनल में विनेश जीत हासिल करने में कामयाब होती हैं तो वह ओलंपिक के इतिहास में गोल्ड मेडल जीतने वाली पहली महिला रेसलर ही नहीं, पहली भारतीय महिला एथलीट बन जाएंगी। अगर विनेश फाइनल हार भी जाती हैं तो उन्हें सिल्वर मेडल मिलना पक्का है। पेरिस ओलंपिक से पहले विनेश के पास ओलंपिक छोड़ हर बड़ा मेडल था।

### कल खेला जाएगा फाइनल

पेरिस ओलंपिक 2024 में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा का फाइनल गुरुवार को भारतीय समयानुसार रात 11:55 बजे होगा। भारत को उम्मीद है कि गोल्डन बॉय नीरज चोपड़ा फिर से स्वर्ण पदक जीतेंगे।





## माटी कला बोर्ड की बजट घोषणाओं पर धन्यवाद सभा

# माटी कला समाज राष्ट्रहित में सदैव तत्पर: मुख्यमंत्री

■ माटी कला समाज के कार्यों को सीएम ने सराहा

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि माटी कला समाज के लोग सामाजिक सरोकारों तथा राष्ट्रहित में काम करने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। इस समाज के लोगों को प्रजापत की संज्ञा दी जाती है, क्योंकि वे मिट्टी को अपने हुनर के माध्यम से मूर्तरूप प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश की अर्थव्यवस्था को तेज, संतुलित एवं समावेशी बनाने के लिए कला एवं कलाकारों को लगातार प्रोत्साहन दिया जा रहा है। शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर बजट घोषणाओं के लिए आयोजित धन्यवाद सभा में माटी कला बोर्ड के प्रतिनिधिमंडल को संबोधित कर रहे थे।

### जताया मुख्यमंत्री का आभार

इस अवसर पर माटी कला बोर्ड के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का बजटीय घोषणाओं के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बोर्ड के पदाधिकारियों ने शर्मा को माटी के बर्तन तथा किन्नू का पौधा भेंट स्वरूप दिया। इस अवसर पर श्री यादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टांक सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।





### निरंतर कार्य कर रही राज्य सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार माटी कला से जुड़े कलाकारों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। राज्य सरकार द्वारा 5 करोड़ रुपए की लागत से माटी कला सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना, माटी कलाकारों को एक हजार इलेक्ट्रिक चाक और मिट्टी गूंथने की मशीनें, हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट एवं एमएसएमई सेक्टर के 50 क्लस्टर अगले तीन साल में विकसित करने जैसे निर्णय किए गए हैं। साथ ही, राज्य के प्रत्येक जिले को एक्सपोर्ट हब बनाया जाएगा, इसके लिए राजस्थान वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट पॉलिसी 2024 लाई जाएगी। शर्मा ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत 18 व्यवसायों के दस्तकारों को 5 प्रतिशत की दर पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। राज्य सरकार ऐसे ऋणों पर 2 प्रतिशत का अतिरिक्त ब्याज अनुदान देगी। सीएम ने कहा कि रोजगार व निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एमएसएमई पॉलिसी-2024 लाएंगे। हमारी सरकार ने उद्यमियों को देश-विदेश में अपने उत्पादों की बिक्री में आवश्यक मदद देने के लिए 30 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि इन सभी योजनाओं को शीघ्र धरातल पर उतारा जाएगा।

### राष्ट्रपति को राज्यपाल व सीएम ने दी बधाई

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को फिजी के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किए जाने पर राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी है। राज्यपाल बागडे ने कहा कि यह विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए गौरव का क्षण है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 'एक्स' बधाई देते हुए लिखा कि भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को फिजी के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी' से विभूषित किया जाना समस्त भारतीयों के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए राजस्थान परिवार की ओर से राष्ट्रपति को हार्दिक बधाई।

### मुख्यमंत्री आज दूदू में करेंगे पौधरोपण

राजस्थान राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के गाडोता द्वारा मोजमाबाद (दूदू) स्थित परिसर में 75वां राज्य स्तरीय वन महोत्सव मनाया जाएगा। इसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी शामिल होंगे। बता दें, आज राजस्थान राज्य आपदा प्रबंधन विभाग की लगभग 15 हेक्टर भूमि पर लगभग 10 हजार पौधे लगाए जाएंगे। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री, वन मंत्री, अन्य जनप्रतिनिधियों एवं उच्च अधिकारियों द्वारा सर्पिलाकार आकार में लगभग 100 पौधे यथा बरगद, पीपल, गूलर, पिलखन, बेलपत्र, कदम्ब आदि के लगाए जाएंगे। इस अवसर पर अमृता देवी वृक्ष मित्र पुरस्कार भी दिया जाएगा। वन महोत्सव स्थानीय स्कूली बच्चों, महिला साथिनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा सहयोगिनियों, स्काउट गाइड एवं स्वयं सहायता समूह के सदस्यों, ग्राम्य वन सुरक्षा समितियों के सदस्यों सहित कई लोग मौजूद रहेंगे।

### पूर्व स्पीकर भाभड़ा की जयंती पर पुष्पांजलि

मुख्यमंत्री शर्मा मंगलवार को विधानसभा में राजस्थान विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हरिशंकर भाभड़ा की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सीएम ने भाभड़ा के प्रदेश में दिए योगदान को याद किया।

## खुशखबरी: बढ़ेगी नाहरगढ़ टाइगर सफारी पार्क की रौनक

# नागपुर से लाया गया बाघ का जोड़ा, बढ़ेगा आकर्षण

■ चमेली और गुलाब को 21 दिन क्वारेंटाइन के बाद छोड़ेंगे सफारी पार्क में



बेधड़क | जयपुर

महाराष्ट्र के नागपुर से बाघ का एक जोड़ा मंगलवार को नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क लाया गया है। बाघ के जोड़े को पहले 21 दिन के लिए क्वॉरेंटाइन में रखा जाएगा और उसके बाद इसे नाहरगढ़ टाइगर सफारी में छोड़ा जाएगा।

केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, नई दिल्ली की स्वीकृति के बाद मंगलवार को सुबह वन्यजीव एस्क्यू सेन्टर गोरेवाड़ा नागपुर महाराष्ट्र से एक नर बाघ गुलाब (4 वर्ष) तथा एक मादा चमेली (3 वर्ष) को नाहरगढ़ जैविक उद्यान में लाया गया। वरिष्ठ वन्यजीव चिकित्सक डॉ.अरविंद माथुर के नेतृत्व में बाघ के जोड़े को नागपुर से नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क लाया गया। करीब 24 घंटे का सफर तय कर यह बाघ का जोड़ा जयपुर पहुंचा। जानकारी के अनुसार सितंबर में नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में टाइगर सफारी शुरू होगी और उस समय इस बाघ के जोड़े को टाइगर सफारी में छोड़ा जाएगा। इसके बाद वहां आने वाले पर्यटक एवं वन्य जीव प्रेमी इस जोड़े को देख सकेंगे।

### एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत लाए

एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत बाघ के जोड़े को जयपुर लाया गया है। अधिकारियों और वनरक्षकों को इस जोड़े का ध्यान रखना को कहा गया है, ताकि उन्हें किसी भी तरह की परेशानी न हो। जिन पिंजरों में इस बाघ के जोड़े को रखा गया है, उन्हें भी अच्छी तरह से साफ कर वायरस फ्री किया गया है, ताकि उन्हें किसी भी तरह की कोई दिक्कत न हो।

## विभिन्न मांगों पर बनी सहमति

# प्रदेश में राशन डीलर्स की हड़ताल समाप्त



**बेधड़क** । जयपुर प्रदेश में जारी राशन डीलर्स की हड़ताल मंगलवार को समाप्त हो गई है, जिससे प्रदेश में खाद्य सुरक्षा योजना के तहत 4 करोड़ से ज्यादा लाभार्थियों को मिलने वाल गेहूं बुधवार से फिर मिलना शुरू हो जाएगा।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री सुमित गोदारा के निर्देश पर प्रमुख शासन सचिव भास्कर ए. सावंत की अध्यक्षता में विगत को राशन डीलर्स संघर्ष समिति की बैठक हुई। वार्ता सकारात्मक रहने पर 11 सदस्यीय कमेटी का गठन कर खाद्य मंत्री सुमित गोदारा से वार्ता करवाई गई। आश्वासन के पश्चात संघर्ष समिति ने पिछले 7 दिन से चल रही हड़ताल समाप्त करने की घोषणा की है।

### ई-मित्र के माध्यम से बनेंगे प्रवासी श्रमिकों के राशन कार्ड

**जयपुर**। प्रदेश में अब ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत सभी प्रवासी श्रमिकों को राशन कार्ड जारी किए जाएंगे। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय एवं भारत सरकार के निर्देशों की अनुपालना में यह आदेश निकला है। जिन प्रवासी श्रमिकों का राशन कार्ड नहीं बना हुआ है, वे अपने परिवार के सभी सदस्यों के ई-श्रम कार्ड तथा आधार कार्ड के साथ अपने नजदीकी ई-मित्र पर जाकर राशन कार्ड बनवा सकते हैं। यदि पूर्व में राशन कार्ड बना हुआ है, तो अपने ई-श्रम कार्ड और आधार कार्ड की राशन कार्ड में सीडिंग ई-मित्र से आवश्यक रूप से करवाएं।

## स्पीकर का एक्शन

# कांग्रेस विधायक मुकेश भाकर विधानसभा से 6 माह के लिए निलंबित

- विधानसभा के बजट सत्र का समापन, कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित
- गर्ग ने रखा भाकर के निलंबन का प्रस्ताव, स्पीकर ने किया मंजूर
- कांग्रेस बोली, हम सड़कों पर भी लड़ाई लड़ेंगे

बेधड़क | जयपुर

16वीं विधानसभा के बजट सत्र का मंगलवार को समापन हो गया। स्पीकर वासुदेव देवनानी ने सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने की घोषणा की। इससे पहले सदन में सोमवार को बरपे हंगामे का असर मंगलवार को भी दिखा। गौरतलब है कि गत सोमवार को सदन की कार्यवाही के दौरान लाडनूं से कांग्रेस विधायक मुकेश भाकर ने स्पीकर को गलत इशारा किया, जिसके बाद स्पीकर नाराज हो गए और उन्होंने भाकर को सदन से बाहर जाने के निर्देश दिए। इस दौरान मार्शलों से कांग्रेस विधायकों की धक्का-मुक्की हो गई, जिससे एक महिला विधायक की चूड़ियां टूट गई तथा कांग्रेस के वयोवृद्ध विधायक हरिमोहन शर्मा नीचे गिर गए। बाद में कांग्रेस के सभी विधायक मामले को लेकर सदन के अंदर ही धरने पर बैठ गए। सोमवार रात्रि को भी विधायक सदन के अंदर ही रहे। मंगलवार को सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो कांग्रेसी विधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया।







### ऐसे हुआ निलंबन

सदन की कार्यवाही मंगलवार को शुरुआत हंगामे के साथ हुई। मंगलवार को बजट सत्र का अंतिम दिन भी था। सुबह जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो कांग्रेस विधायक मुकेश भाकर के निलंबन के आदेश को वापस लेने की जिद कर रहे थे। इस दौरान मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने प्रस्ताव रखा। जिस पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मुकेश भाकर को सदन से 6 माह के लिए निलंबित कर दिया। इसके साथ ही स्पीकर ने सदन की कार्यवाही को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया।

### बिना वोटिंग कराए निलंबन किया- भाकर

सदन के बाहर मीडिया से मुखातिब होते हुए कांग्रेस विधायक मुकेश भाकर ने कहा की विधानसभा स्पीकर ने बिना वोटिंग कराए मेरा निलंबन किया है। भाजपा को जवाब देना पड़ेगा। चाहे मेरी सदस्यता परमानेंट खत्म कर दें।

**मुकेश भाकर,** कांग्रेस विधायक

### हम राज्यपाल से मिलेंगे - जूली

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा सरकार पर संवैधानिक संकट है। हमने राज्यपाल से भी समय मांगा है। सदन स्थगित कराकर सरकार भाग नहीं सकती है। हम सड़कों पर भी लड़ाई लड़ेंगे।

**टीकाराम जूली,** कांग्रेस विधायक

## जरूरी खबर

### योजनाओं की व्यय राशि का एक-एक पैसे का रखें हिसाब



**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने जनजातीय क्षेत्रों के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के अंतर्गत व्यय की जाने वाली एक-एक पाई का हिसाब रखा जाए। बागड़े मंगलवार को राजभवन के अधिकारियों की आयोजित विशेष बैठक में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उच्च शिक्षा के अंतर्गत शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया।

### डिप्टी मेयर सप्ताह में पांच दिन करेंगे जनसुनवाई

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर के डिप्टी मेयर पुनीत कर्णावत ने भी खुद के स्तर पर जनसुनवाई करने की घोषणा की है। उप महापौर सप्ताह में तीन दिन नगर निगम मुख्यालय और दो दिन जोन ऑफिस में जनसुनवाई करेंगे। नगर निगम ग्रेटर मेयर सौम्या गुर्जर के 31 जुलाई से जनसुनवाई करने का ऐलान किया था। डिप्टी मेयर कर्णावत ने कहा कि नगर निगम ग्रेटर के बोर्ड को बने साढ़े तीन साल से ज्यादा समय हो गया है। चूंकि अब प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार है तो ऐसे में अब जनता के काम ज्यादा से ज्यादा और आसानी से हो, उसके लिए हमने जनसुनवाई शुरू करने का निर्णय किया। सोमवार से बुधवार तक मुख्यालय पर, वहीं गुरुवार-शुक्रवार को जोन ऑफिस में सुनवाई करूंगा।

### हरियाली तीज पर प्रदेशवासी लगाएंगे दो करोड़ पौधे



**जयपुर।** हरियाली तीज के अवसर पर बुधवार को पूरे प्रदेश में 'हरियालो राजस्थान-एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत लगभग 2 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। प्रदेश की पहाड़ियों, चारागाह भूमि, सड़क किनारे, विद्यालयों, अमृत सरोवर, जल स्रोतों के किनारे पौधारोपण कर प्रदेश को हरा-भरा बनाया जाएगा। अभियान को सफल बनाने के लिए सोमवार को शासन सचिवालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी 50 जिलों की तैयारियों और माइक्रो प्लानिंग को लेकर समीक्षा की गई। सभी जिला कलेक्टरों ने तैयारियों की जानकारी दी। अभय कुमार ने कहा कि जो पौधे लगाए जाएं, उन्हें बचाना भी जरूरी है।

#### मंत्री मदन दिलावर ने एक कर्मचारी को किया निलंबित... बोले-नहीं बचेंगे दोषी

# विधानसभा में गूंजा मिड-डे मील में भ्रष्टाचार का मुद्दा

**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान विपक्ष की ओर से किए जा रहे हंगामे के बीच पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में मिड डे मील में हुए घोटाले का मुद्दा गूंजा। विधायक को ओर से लगाए गए सवाल पर जवाब देते हुए शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने विभाग में कार्यरत एक कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिया। इसके साथ घोटाले की जांच कर कर दोषियों पर कार्रवाई करने की बात की। इसके साथ प्रश्नकाल में साइबर ठगी में दर्ज प्रकरण,





गांव में निर्मित सड़कों का राजस्व रिकॉर्ड में नामांतरण, विधानसभा क्षेत्र सिवानाके फसल बीमा राशि का भुगतान, विधानसभा क्षेत्र कपासन में चिकित्सालय भवन का निर्माण सहित कई मुद्दों पर सवाल जवाब हुए।

प्रश्नकाल के दौरान विधायक ललित मीणा ने मिड डे मील योजना के अंतर्गत दुग्ध पाउडर खरीद सहित अन्य मुद्दों पर सवाल किया तो जवाब में मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि मिड डे मील में करोड़ों का घोटाला हुआ है। विधायक ललित मीणा ने सवाल किया था कि शाहबाद तहसील में कोविड के दौरान दूध का परिवहन किया गया और फर्जी अंगूठे लगाए गए। मंत्री दिलावर ने कहा कि कांग्रेस राज में मिड डे मील में करोड़ों का घोटाला हुआ है। इसकी जांच होनी चाहिए। ईडी जांच कर रही है। जरूरत पड़ी तो हम भी जांच करवा सकते हैं। जांच में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई करेंगे। कानून हमें अनुमति देगा तो हम भी जांच करेंगे और उसमें सरकारी कर्मचारी शामिल है उसको मैं सस्पेंड करता हूं।

### ED ने पूर्व मंत्री के ठिकानों पर मारा था छापा

कोरोना काल में जब स्कूल बंद थे। इस दौरान करीब 1700 करोड़ रुपए की योजना में घोटाले के आरोपों की लगा था। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो इस मामले में छानबीन कर रही है। मिड-डे मील केंद्र और राज्य सरकार की साझा योजना है। 60% केंद्र और 40% सहयोग राज्य सरकार का होता है। पिछले साल सितंबर में ईडी ने पोषाहार घोटाले को लेकर कई जगह छापा मारा था। पूर्व मंत्री राजेंद्र यादव के ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की थी। इसी आधार पर एसीबी छानबीन कर रही है।

### गोपाल शर्मा ने बोला राहुल पर हमला

विधानसभा में मंगलवार को जयपुर के सिविल लाइंस से भाजपा विधायक गोपाल शर्मा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि जब मुंबई में आतंकी हमला हुआ तो राहुल गांधी गुरुग्राम में पार्टी कर रहे थे और लड़कियों के साथ नाच रहे थे। वे बोस्टन में ब्रीफकेस में डॉलर के साथ पकड़े गए थे। यह सब अखबारों में छपा है. वो जब बोस्टन में गिरफ्तार हुए तो उनके पास ब्रीफकेस में डॉलर रखे हुए थे।

#### सिख समाज के लिए बजट घोषणाओं पर धन्यवाद सभा

# प्रदेश के विकास में सिख समाज का महत्वपूर्ण योगदान: सीएम

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सिख धर्म हमें जीवन में सच्चाई, ईमानदारी और मेहनत को अपनाने की सीख देता है। यह सिद्धांत हमें आत्मनिर्भरता और कर्मठता का महत्व भी समझाता है। उन्होंने कहा कि सिख समुदाय द्वारा गुरुद्वारों में निशुल्क भोजन सेवा उनके सेवा भाव का उत्कृष्ट उदाहरण है। प्रदेश के विकास में भी सिख समाज का महत्वपूर्ण योगदान है।

शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर सिख समाज से संबंधित बजट घोषणाओं के लिए आयोजित धन्यवाद सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गुरु नानकदेव जी ने जात-पात और भेदभाव के खिलाफ संघर्ष किया और सभी मनुष्यों को एक समान बताया। सिख धर्म में स्त्रियों और पुरुषों के बीच समानता पर भी जोर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह धर्म हमें दूसरों की रक्षा का पाठ भी पढ़ाता है। सिख योद्धाओं की वीरता और बलिदान इतिहास में अनमोल है। जब-जब भी देश पर आतातायियों का आक्रमण हुआ सिख समाज ने मजबूती के साथ उनका मुकाबला किया। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री का सम्मान करते हुए उन्हें पगड़ी बांधी तथा गुरु गोविंद सिंह जी की तस्वीर व तलवार भेंट की। कार्यक्रम में विधायक गुरवीर सिंह सहित राज्य के विभिन्न गुरुद्वारों के प्रधान, जत्थेदार एवं सिख समाज के लोग उपस्थित रहे।



### 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में हिस्सा लेने का आह्वान किया

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के बजट में हर वर्ग और हर क्षेत्र के लिए घोषणाएं की हैं। प्रदेश के धार्मिक स्थलों के विकास के लिए भी इस बजट में प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली बाईपास स्थित तेग बहादुर साहिब गुरुद्वारा-जयपुर तथा बुड्ढा जोहड़ गुरुद्वारा-अनूपगढ़ में श्रद्धालुओं की सुविधा एवं विकास कार्य करवाए जाएंगे। सीएम ने कहा कि सिख गुरुओं ने अपनी वाणी से समाज के वंचित और असहाय वर्ग की सेवा का संदेश दिया है। उनके संदेश को अपनाते हुए हमें आस-पास के ऐसे लोगों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सामाजिक सरोकार में भागीदारी करने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमें प्रेरणा दी है। उनके द्वारा चलाए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 7 अगस्त को प्रदेश में 1 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। शर्मा ने सिख समाज के लोगों से इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया।

## 'वीर सावरकर का जीवन हमारे लिए प्रेरणापुंज'



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने मंत्री परिषद के सदस्यों एवं विधायकों के साथ मंगलवार को जयपुर के जवाहर सर्किल स्थित 'एंटरटेनमेंट पैराडाइज' मल्टीप्लेक्स में महान स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर के संघर्ष एवं बलिदान पर आधारित फिल्म 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' की स्पेशल स्क्रीनिंग देखी। मीडिया से वार्ता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी श्री वीर सावरकर का जीवन राष्ट्र को पूर्ण रूप से समर्पित था। उन्होंने देश की स्वंतंत्रता के लिए संघर्ष किया, कई यातनाएं झेली, दो बार आजीवन कारावास की सजा काटी और कालापानी की सजा को भी भुगता। उनका संघर्ष हम सब के लिए प्रेरणापुंज है। उनके जीवन पर आधारित फिल्म देखने का सुअवसर मिला है। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा एवं राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ भी उपस्थित रहे। एंटरटेनमेंट पैराडाइज पहुंचने पर वहां मौजूद विधायकों एवं अन्य ने मुख्यमंत्री का स्वागत एवं अभिनंदन किय। फिल्म देखने के बाद मुख्यमंत्री ने मंत्री और विधायकों के साथ मल्टीप्लेक्स परिसर में आयोजित रात्रिभोज में शिरकत की।

#### डिप्टी CM ने अफसरों को दिए निर्देश

# पर्यटकों को मिले अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं: दिया कुमारी



**बेधड़क** | जयपुर

डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने पर्यटन, पुरातत्व तथा धार्मिक स्थानों का सुनियोजित विकास कार्य किए जाने के लिए कार्य योजना बनाकर काम करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि गुणवत्तापूर्ण कार्य के आधार पर राजस्थान में आने वाले पर्यटकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं उपलब्ध हो, इसे लक्षित करके ही पर्यटन विकास के कार्यों को मूर्त रूप दिया जाए।

डिप्टी सीएम दिया कुमारी के समक्ष मंगलवार को सचिवालय में पर्यटन विभाग की निदेशक डॉ. रश्मि शर्मा द्वारा आरटीडीसी की प्रबंध निदेशक अनुपमा जोरवाल की उपस्थिति में पर्यटन यूनिट नीति-2024 के संभावित बिंदुओं सहित बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के संबंध में प्रस्तुतिकरण दिया गया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को बेहतर काम करने के लिए एजेंसियों का पारदर्शिता से चयन किये जाने की प्रक्रिया अपनाएं जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने पर्यटन विभाग से संबंधित सभी बजट घोषणाओं की द्रुत गति से क्रियान्विति के लिए भी निर्देश दिए। इसके साथ ही विकसित राजस्थान@2047 के विजन डॉक्यूमेंट पर चर्चा कर सहमति प्रदान की। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बजट घोषणाओं के बिंदुओं में उल्लेखित खाटूश्याम जी, श्रीमहावीर जी तथा अन्य धार्मिक पर्यटन स्थलों का पूर्ण भव्यता और सुनियोजित रूप से जीर्णोद्धार एवं विकास कार्य किए जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने जमवाय माता मंदिर के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व को ध्यान में रखते हुए मंदिर का पूर्ण भव्यता से जीर्णोद्धार किए जाने के निर्देश दिए।

#### विधानसभा में बोले गोपालन मंत्री जोराराम

## गोवंश को दिए जा रहे अनुदान में 10 प्रतिशत की वृद्धि: कुमावत

**बेधड़क** | जयपुर

गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार द्वारा गोवंश को दिए जा रहे अनुदान में दस प्रतिशत वृद्धि करने की घोषणा की गई है, जो आगामी अनुदान में बढ़ाकर दी जाएगी।कुमावत ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा वर्तमान में गोशालाओं एवं कांजी हाउस में संधारित गोवंश के भरण पोषण के लिए बड़े गोवंश के लिए 40 रुपए तथा छोटे गोवंश के लिए 20 रुपए प्रति दिन की दर से



दिए जा रहे हैं। सहायता राशि वर्ष में 270 दिवस के लिए दी जाती है। अंधे एवं अपाहिज गोवंश तथा नंदीशालाओं में संधारित नर गोवंश को यह सहायता राशि वर्ष में पूरे 12 माह दी जाती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान में गोवंश को दी जाने वाली सहायता राशि बढ़ाए जाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। कुमावत प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों पर जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि गो संशोधन विधेयक के प्रावधान के तहत शराब एवं रजिस्ट्री, स्टांप ड्यूटी पर अधिभार से प्राप्त राशि को गोशाला में अनुदान के रूप में और गोवंश के विकास की योजनाओं पर खर्च किए जाने का प्रावधान है।

#### दौसा सांसद मुरारीलाल मीणा ने संसद में उठाया मुद्दा

## मेहंदीपुर बालाजी-कैलादेवी को रेल से जोड़ने की मांग

**बेधड़क** | जयपुर

दौसा सांसद मुरारीलाल मीणा ने संसद में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के समक्ष कई मांग रखी। सांसद मीणा ने बताया कि पूर्वी राजस्थान में मेहंदीपुर बालाजी, श्रीमहावीरजी एवं कैलादेवी प्रमुख धार्मिक स्थल हैं। यहां दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश आदि राज्यों से पूरे साल लाखों श्रद्धालु दर्शनों के लिए आते हैं। ऐसे में मेहंदीपुर बालाजी आने वाले श्रद्धालुओं को बांदीकुई जंक्शन पर उतरने के बाद वाहनों से बालाजी तक का सफर करना पड़ता है। सांसद ने रेल मंत्री से मांग करते हुए कहा कि बांदीकुई जंक्शन को जोड़ते हुए




मेहंदीपुर बालाजी, श्रीमहावीरजी एवं कैलादेवी को जोड़ने वाला एक नया रेल मार्ग बनाया जाए ताकि श्रद्धालुओं के साथ क्षेत्र के किसान एवं अनुसूचित जाति एवं जनजाति आबादी को भी इसका फायदा मिल सके। सांसद ने कहा एक नई रेल लाइन का निर्माण दौसा से गंगापुर सिटी के लिए हुआ है। वर्तमान में उक्त रेल मार्ग पर केवल एक डेमू ट्रेन चलती है। ऐसे में दौसा-गंगापुर रेल मार्ग पर अन्य ट्रेन भी संचालित की जाए ताकि जनता को फायदा और रेलवे को राजस्व प्राप्त हो सके। साथ ही कोरोना के दौरान जयपुर से अलवर आने जाने वाली पैसेंजर ट्रेन को दोबारा संचालित किया जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोग छोटे-छोटे स्टेशन से अपनी यात्रा सुगमता से कर सकें।

### टिंटोई-मोडासा तक नए रेलमार्ग का हो सर्वेक्षण: गरासिया

**जयपुर।** राज्यसभा में मंगलवार को सांसद चुन्नीलाल गरासिया ने राजस्थान के टिंटोई से गुजरात के मोडासा तक 20 किमी लंबे नए रेलमार्ग का सर्वेक्षण करवा कर इसे उदयपुर रेलमार्ग से जोड़ने की मांग की। गरासिया ने कहा कि उदयपुर संभाग क्षेत्र से कई उद्योगपति, नौकरी-पैशा लोग, गरीब, मजदूरवर्ग रोजगार संबंधी कार्य के लिए मुंबई के लिए आवागमन ट्रेन द्वारा करते हैं, परंतु वर्तमान में जो रेल मार्ग शुरू किया गया है, वह उदयपुर से असारवा तक है।

#### राज्यसभा में स्वामित्व योजना को लेकर सवाल

# राजस्थान के 35 हजार से अधिक गांवों में किया ड्रोन सर्वे : मदन राठौड़

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने केंद्र सरकार की स्वामित्व योजना को ग्रामीणों के लिए मील का पत्थर बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांवों में आबादी वाले घरों के मालिकों को कानूनी अधिकार देने के उद्देश्य से स्वामित्व योजना शुरू की। योजना के तहत देश के 3 लाख 12 हजार गांवों में ड्रोन से सर्वे किया जा चुका है और जल्द ही इन गांवों में आबादी वाले घरों के मालिकों को 'संपत्ति कार्ड या टाइटल डीड' जारी कर दिया जाएगा।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ ने राज्यसभा में स्वामित्व योजना को लेकर सवाल लगाया था और इसके जवाब में पंचायती राज राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने जवाब दिया कि प्रधानमंत्री मोदी ने पंचायती राज मंत्रालय, राज्य राजस्व विभाग, राज्य पंचायती राज विभाग और भारतीय सर्वेक्षण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किसानों के लिए स्वामित्व योजना शुरू की थी। इस योजना के तहत देश के गांवों में आबादी वाले घरों के मालिकों को कानूनी स्वामित्व अधिकार दिया जाएगा। इसके तहत घरों के मालिक को संपत्ति कार्ड जारी किया जाएगा। इसके



लिए केंद्र सरकार के संबंधित विभागों द्वारा गांवों का ड्रोन से सर्वे करवाकर कागज तैयार करवाए हैं।

### तीन लाख 12 हजार 563 गांवों का सर्वे पूरा

मदन राठौड़ ने बताया कि स्वामित्व योजना के तहत देशभर में तीन लाख 44 हजार 400 गांवों को सर्वे करवाया जाना था, इसमें से केंद्र सरकार की ओर से तीन लाख 12 हजार 563 गांवों का ड्रोन से सर्वे पूरा कर लिया गया है। इन तीन लाख 12 हजार में से एक लाख 30 हजार घरों के मालिकों का संपत्ति कार्ड तैयार हो गया है। इन्हें जल्द ही घरों के मालिकों को सौंपे जाएंगे। वहीं अगर राजस्थान के परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो स्वामित्व योजना के अंदर 36 हजार 310 गांवों का चयन किया गया और इसमें से 35 हजार 652 गांवों का ड्रोन से सर्वे पूरा कर दिया गया। इनमें से 6 हजार 695 घरों के संपत्ति कार्ड बन कर तैयार हो गए, जल्द ही घरों के मालिकों को संपत्ति कार्ड जारी कर दिए जाएंगे।

### बिजली सुधार के कार्यों को अतिशीघ्र पूर्ण करवाया जाए: सांसद राहुल कस्वां



**दिल्ली/चूरू।** चूरू सांसद राहुल कस्वां ने लोकसभा में नियम-377 के अंतर्गत चूरू संसदीय क्षेत्र में आरडीएसएस योजना में स्वीकृत कार्यों को अतिशीघ्र पूर्ण करवाने का मुद्दा उठाया। सांसद कस्वां ने सदन में कहा कि भारत सरकार द्वारा आरडीएसएस योजना के तहत देश के विद्युत ढांचे को सुदृढ़ किए जाने के लिए घोषणा की थी, इसी योजना के तहत लोकसभा क्षेत्र चूरू के लिए सरकार द्वारा लगभग 300 करोड़ रुपए का प्रावधान किया था। इस राशि से क्षेत्र में बिजली सुधार व मूलभूत ढांचे को सुदृढ़ किया जाना है। इसके तहत नए जीएसएस निर्माण, खेती व घरेलू लाइनों सहित नई कैबल लाइन डालने जैसे बिजली व्यवस्था सुधार के कार्य होने थे, लेकिन राज्य सरकार की संवेदनहीनता के कारण अभी तक उक्त सभी कार्य अधरझूल में पड़े हैं। प्रदेश में इस समय विद्युत आपूर्ति के हालात विकट हैं। 12 से 15 घंटे तक अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। इस समय राजस्थान के परिपेक्ष्य में आरडीएसएस योजना के तहत 33केवी, 11केवी के नएये जीएसएस निर्माण एवं घरेलू व खेती की लाइनों को अलग-अलग किया जाना अति आवश्यक हैं।

# NIRWAN UNIVERSITY JAIPUR
# निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर

Established by the Rajasthan State Legislature vide Act No.2 of 2017 and recognised U/s 2(f) of the UGC Act 1956



# ADMISSIONS OPEN 2024-25

## REGISTER NOW

- B.Com, M.Com
- BCA, MCA
- BDS, MDS
- B.Tech., M.Tech.
- B.Sc., M.Sc.
- BA, MA
- D.MLT, B.MLT
- B.Pharm, D.Pharm
- Yoga
- BPT, MPT
- B.Sc. Nursing
- LL.B., LL.M.
- B.Sc. (Hons.) Agri, M.Sc. (Ag) Agronomy, DAESI

## SALIENT FEATURES

- Industry Oriented Programmes
- Lush Green Campus
- Modern Infrastructure
- Highly Qualified & Committed Faculty
- Hi-Tech Labs
- Interdisciplinary Research Cell
- Innovative Teaching-Learning
- Placement Cell
- Wi-Fi- enabled Campus & Hostel
- Separate Hostel for Boys'& Girls'
- Transportation Facilities
- Sports Facilities
- Extra-Curricular Activities
- Admissions through CUET 2024-25

### INNOVATION CULTURE

**Inculcate the Spirit of Innovation:** Be part of a Culture that Fuels Creativityand Drives Progress

### BEST FACULTY

**Unlock Your Potential under the Guidance of the Best Faculty:** Empowering Minds and Shaping Futures

### TOP PLACEMENT

Elevate your Career to New Heights with Premier Placements, where Success Paves its way

### GLOBAL TIE-UPS

Broaden your Horizons and Seize Limitless Opportunities across the Globe through International Partnerships

idp | NATIONAL RESEARCH UNIVERSITY | sas

**25+** STATES

**20000+** STUDENTS' NETWORK

**25 Yrs'** OF EXCELLENCE IN HIGHER EDUCATION

## MORE INFORMATION: +91 9289800300

MAIN CAMPUS : Nirwan University Jaipur, Near Bassi- Rajadhok Toll, Agra Road, Jaipur- 303305,
CITY OFFICE : 21, Sahkar Marg, 1st Floor, Near 22 Godam Circle, Jaipur – 302019 Rajasthan,
Call : +91 141- 2228000 | Email : info@nirwanuniversity.ac.in | Website : www.nirwanuniversity.ac.in

## जरूरी खबर

### बारिश से गिरी सोनार किले की दीवार



**जैसलमेर।** जिले में चार दिन से हो रही बारिश के कारण सोनार किले की दीवार भरभराकर गिर गई। इस घटना से सोनार किले के रखरखाव को लेकर पुरातत्व विभाग द्वारा बरती जा रही गंभीरता की पोल खोल कर रख दी है। यह किला वर्ल्ड हेरिटेज साइट घोषित है। गनीमत रही कि दीवार गिरने से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। दुर्गवासियों ने बताया कि क्षतिग्रस्त हुई इस दीवार के अंदर की तरफ पानी निकासी का मार्ग नहीं है। यहां की नियमित सफाई भी नहीं होती। इस कारण पानी भरने से दीवार की नींव कमजोर हो गई और यह गिर गई।

### ट्रेलर में घुसी तेज रफ्तार स्कॉर्पियो दो की मौत

**अजमेर।** जिले के नसीराबाद में भीलवाड़ा मार्ग नेशनल हाईवे पर ग्राम झड़वासा के पास तेज रफ्तार स्कॉर्पियो आगे चल रहे ट्रेलर में घुस गई। टक्कर इतनी तेज थी कि स्कॉर्पियो में सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और दो घायल हो गए। नसीराबाद सदर थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी है। हादसे में स्कॉर्पियो में सवार जयपुर निवासी सुरेश यादव और सीताराम सैनी की मौके पर ही मौत हो गई और दो अन्य सोहन कुमावत और विजेंद्र यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। स्कॉर्पियो में सवार चारों लोग उज्जैन से जयपुर लौट रहे थे।

### एबीवीपी का धरना छठे दिन भी रहा जारी



**जोधपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की जेएनवीयू इकाई के कार्यकर्ताओं की ओर से विश्वविद्यालय की कथित अनियमिताओं के खिलाफ चल रहा धरना मंगलवार को छठें दिन भी भारी बारिश के बीच जारी रहा। विश्वविद्यालय प्रशासन की चुप्पी पर अभाविप के कार्यकर्ता कुलपति कार्यालय के भीतर धरना देकर बैठ गए और कुलपति का घेराव किया। उन्होंने कुलपति कार्यालय में ही नारेबाजी की। प्रदेश सहमंत्री सचिन राजपुरोहित ने बताया कि कार्यकर्ता छात्र संघ चुनाव बहाली, विवि परिसर में छात्रों के लिए मूलभूत सुविधा एवं सुरक्षा, फीस वृद्धि को वापस, भ्रष्ट शिक्षकों को तमाम प्रकार के पद से दूर करने जैसी मुख्य मांगों को लेकर आंदोलनरत है।

**प्राकृतिक आपदा:** बादल फटने के कारण केदारनाथ में फंस गए थे...एनडीआरएफ ने किया रेस्क्यू

# केदारनाथ धाम में फंसे अजमेर के 13 युवक लौटे सुरक्षित

**बेधड़क** | अजमेर



बादल फटने के कारण केदारनाथ धाम में फंसे अजमेर के 13 युवक घर लौट आए हैं। ये लोग वहां चार दिन तक फंसे थे। इन युवकों को एनडीआरएफ ने रेस्क्यू कर बचाया और हेलिकॉप्टर से सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। युवकों ने अजमेर पहुंचकर आप बीती सुनाई और बोले एसडीआरएफ नहीं होती तो ना जाने क्या होता। उनके घर लौटने पर परिजनों ने भी राहत की सांस ली है। इन तेरह युवकों में धीरज, नीरज, जतिन, अनुराग, प्रकाश, ऋतिक, विक्की, शेखर, सौरभ, भरत उदानियां और राहुल शामिल है। इनके घर लौटने पर मंगलवार को उनके रिश्तेदार और परिजनों ने स्वागत किया। उन्होंने बताया कि एनडीआरएफ टीम ने हमारी सहायता की। हमें रहने के लिए जगह दी और हमें खाना भी खिलाया। उन्होंने कहा कि एनडीआरफ वहां नहीं होती तो हम बहुत बड़ी मुश्किल में फंस सकते थे। स्थानीय लोग वहां खाने पीने की चीजों के भी मुंह मांगे दाम मांग रहे थे। पानी की 20 रुपए की बोतल 100 रुपए में दी जा रही थी।

### 2013 की त्रासदी आई याद

केदारनाथ में फंसे युवकों में शामिल नीरज ने बताया कि अजमेर के सुखाड़िया नगर में रहने वाले 13 दोस्त 30 जुलाई को केदारनाथ गए थे। 31 जुलाई को केदारनाथ मार्ग पर चल रहे थे। इस दौरान बारिश शुरू हो गई। बारिश सामान्य ही थी, लेकिन कुछ देर बाद ही पानी का बहाव शुरू हो गया। बहाव इतना तेज था कि केदारनाथ में 2013 की त्रसादी का मंजर आंखों के सामने नजर आने लगा। पानी उनकी कमर के ऊपर से जाने लगा था। बड़ी मुश्किल से उन्हें एक सुरक्षित जगह मिली। रात 9:30 बजे बारिश रुकी। तब हमें सरकारी स्तर पर रुकवा दिया गया। अगले दिन सुबह मंदिर में दर्शन किए। इसके बाद जब लौटने का मानस बना रहे थे तो पता चला कि नीचे मार्ग में बहुत ज्यादा तबाही मच गई है। यात्रा मार्ग में पड़ने वाले सारे ब्रिज टूट गए हैं।

### चार दिन बाद हुआ रेस्क्यू

नीरज ने बताया कि एनडीआरएफ की टीम ने हमारी सहायता की। हमें चार दिन तक सरकार की ओर से ठहराया गया और खाने-पीने की व्यवस्था की गई। वहां लोकल नेटवर्क की सिम से परिजनों से संपर्क हो पाया था। परिजनों को बता दिया गया था कि हम सभी सुरक्षित हैं। इसके बाद एनडीआरफ ने वहां फंसे लोगों के 100-100 के जत्थे बनाए और हमें 13 किलोमीटर नीचे गौरीकुंड तक लाया गया। इसके बाद गौरी कुंड से हेलिकॉप्टर से हमें सिरसी छोड़ा गया। वहां वाहनों के जरिए हम सभी दोस्त ऋषिकेश पहुंचे और वहां अजमेर आ गए।

### बादल फटने से डर गए सभी लोग

इस दल में शामिल अनुराग पवन ने बताया कि 10 से 12 किमी केदारनाथ की ओर चलने पर बारिश शुरू हो गई। हमारे पीछे ही बादल फटा और ऐसा लगा कि धरती में कंपन होने लगा। हम सभी लोग काफी डर गए थे और आगे की ओर भागने लगे। बारिश के कारण पानी का बहाव बहुत तेज था। वहां पर चिकित्सकों की डिस्पेंसरी थी। उन लोगों ने हमारा रेस्क्यू किया और हमें शरण दी। उन्होंने बताया कि पैसे भी लगभग हमारे पास खत्म हो चुके थे।

**कोटा बैराज से पानी छोड़े जाने से हुई जलस्तर में बढ़ोतरी**

# धौलपुर में चंबल नदी का जलस्तर पहुंचा खतरे के निशान के पार




**बेधड़क** | धौलपुर

प्रदेश के कोटा और बूंदी समेत पूरे हाड़ौती अंचल में हो रही तेज बरसात के बाद में कोटा बैराज के गेट खोलकर चंबल नदी में पानी की निकासी की जा रही है। पानी की आवक के कारण धौलपुर में चंबल नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी हो गई है। पानी की आवक के चलते मंगलवार को चंबल नदी का जलस्तर खतरे के निशान 129.79 मीटर को पार गया। देर शाम धौलपुर में चंबल नदी का जलस्तर 132.20 मीटर रिकॉर्ड किया गया, उधर कोटा बैराज से पानी छोड़े जाने तथा चंबल नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी को देखते हुए प्रशासन ने एडवाइजरी जारी की है।

मध्यप्रदेश एवं हाड़ौती अचंल में तेज बरसात के कारण सोमवार को कोटा बैराज के गेट खोलकर 18 हजार 945 क्यूसेक पानी छोड़ा गया था। कोटा से चौबीस घंटों में इस पानी की आवक होने से मंगलवार सुबह से ही धौलपुर में चंबल नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी देखी गई तथा जलस्तर खतरे के निशान 129.79 मीटर को पार करते हुऐ 132.90 मीटर तक पहुंचा। इसके बाद में दिन चढ़ने के बाद में चंबल नदी के जलस्तर में मामूली कमीं आई है, लेकिन खतरा अभी भी बना हुआ है।

बाढ़ नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार शाम को 4 बजे धौलपुर में चंबल नदी का जलस्तर 132.20 मीटर बना हुआ था, जो कि खतरे के निशान 129.79 मीटर से करीब तीन मीटर अधिक है। उधर, चंबल नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी होने के कारण जिला प्रशासन ने एडवाइजरी जारी है।

## बारिश के कारण कई ट्रेनों के पहिए थमे



**जोधपुर।** भारी बारिश के कारण रेल यातायात प्रभावित हुआ है। ऐसे में कई ट्रेनें कैंसिल हो गई है तो कई का रुट बदला गया है। फलोदी से जैसलमेर के बीच ट्रैक पर जल भराव के कारण ट्रेनों का कनेक्शन कट गया है। जोधपुर मंडल के मारवाड़ खारा-मारवाड़ बीठडी एवं फलोदी-मलार, रोहट-केरला एवं बिलाड़ा-पीपाड़ रोड के मध्य पानी भराव हो जाने के कारण रेल यातायात प्रभावित हो रहा है। ऐसे में जोधपुर से रामदेवरा जाने वाली ट्रेन कैंसिल कर दी गई है, वहीं जैसलमेर से काठगोदाम जाने वाली ट्रेन जैसलमेर से पोकरण तक ही चलेगी पोकरण से काठगोदाम तक कैंसिल रहेगी।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार बारिश के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित कई रेलसेवाएं रद्द व मार्ग परिवर्तित रहेगी। जोधपुर मंडल के केरला-पाली मारवाड़ यार्ड के मध्य पानी भराव हो जाने के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा।



### 18 बसों से ढोए गए 1870 रेल यात्री

भारी बारिश और पाली मारवाड़-मारवाड़ जंक्शन सेक्शन में 2 ट्रेनों को बोमादड़ा और 1 ट्रेन को पाली में शॉर्ट टर्मिनेट किया गया। इसके कारण 26 बसों से 1870 रेल यात्रियों जोधपुर लाया गया। डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने बताया कि भारी बरसात के कारण जोधपुर मंडल के केरला-पाली-बोमादड़ा के बीच पटरियों पर पानी भर जाने से रेल यातायात पूरी तरह से ठप हो गया।

**दो बच्चों को ग्रामीणों ने बचाया**

# गंभीर नदी में डूबने से दो किशोरों की मौत



**बेधड़क** | भरतपुर

बयाना सदर थाना इलाके के गांव खिरकवास में गंभीर नदी में सोमवार शाम नहाने उतरे चार लड़कों में से दो की डूबने से मौत हो गई। दो को ग्रामीणों ने पानी से निकाल लिया था। लापता लड़कों की तलाश के लिए रात 11.30 बजे तक एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू चलाया, लेकिन सफलता नहीं मिली। मंगलवार सुबह दोनों शव पानी की सतह पर आ गए। शव मिलने की सूचना पर प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच गए।

करौली के पांचना बांध से गंभीर नदी में पानी छोड़ा गया था। खिरकवास गांव में सोमवार शाम को चार लड़के गांव के बाहर नदी पर बनी पुलिया पर नहाने गए थे। इसी दौरान चारों पानी के तेज बहाव के कारण नदी में डूब गए। पास ही मौजूद ग्रामीण राम अवतार ने हिम्मत दिखाते हुए सौरभ और अवधेश को तो बाहर निकाल लिया, लेकिन दो लड़के हेमेश (15) पुत्र दिनेश और लवकुश (16) पुत्र सतवीर गहरे पानी में चले गए। ग्रामीणों और एसडीआरएफ ने रात 11:30 बजे तक सर्च ऑपरेशन चलाया था। मंगलवार सुबह दोबारा सर्च ऑपरेशन शुरू किया जाना था, लेकिन इससे पहले ही दोनों बच्चों की डेडबॉडी पानी के ऊपर आ गई। स्थानीय ग्रामीण रमेश अधाना ने बताया कि पूरी रात ग्रामीण नदी के तट पर बैठे रहे। सुबह करीब छह बजे पुलिया के पास ही अचानक एक बच्चे हेमेश का शव पानी में तैरता हुआ दिखाई दिया। इसके एक घंटे बाद ही सुबह सात बजे दूसरे बच्चे लवकुश का शव भी पानी के ऊपर आ गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने दोनों बच्चों के शवों को नदी से बाहर निकाला।

**दो होटल समेत हटाए जाएंगे 16 अतिक्रमण**

## सिलीसेढ़ झील के बहाव क्षेत्र से कब्जे हटाना शुरू

**अलवर।** शहर के समीप सिलीसेढ़ झील के बहाव क्षेत्र में बने दो होटल समेत 16 अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई मंगलवार सुबह शुरू हुई। पुलिस के भारी लवाजमे के साथ ही मौके पर प्रशासन, पुलिस, यूआईटी, राजस्व एवं जल संसाधन विभाग की टीम मौजूद रही। जल संसाधन विभाग के एक्सईएन संजय खत्री ने बताया कि सिलीसेढ़ से जयसमंद बांध के बहाव क्षेत्र में 50 मीटर दायरे में कुल 16 अतिक्रमण चिह्नित किए गए थे। अतिक्रमणकारियों को पहले नोटिस देकर स्वयं के स्तर पर



अतिक्रमण हटाने को कहा गया था, लेकिन 3 अगस्त तक अतिक्रमण नहीं हटाने पर प्रशासन के स्तर पर 6 अगस्त से अभियान शुरू किया गया। प्रशासन का दस्ते मंगलवार सुबह कार्रवाई शुरू की। कार्रवाई के दौरान नटनी हेरिटेज होटल की दीवार सहित कई अतिक्रमणों को ध्वस्त किया गया।

**पुलिस का एक्शन**

# डीग जिले में ऑपरेशन एंटीवायरस में 19 साइबर ठगों को किया अरेस्ट

**बेधड़क** | भरतपुर

ऑपरेशन एंटीवायरस के तहत डीग जिले की पुलिस, डीएसटी और रेंज स्पेशल टीम ने लगातार कार्रवाई कर अलग-अलग क्षेत्रों से 17 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही दो विधि से संघर्षरत बालकों को निरुद्ध किया गया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस और ठगों के बीच मुठभेड़ हो गई, जिसमें एक ठग के पैर में गोली लगी है। साइबर अपराधियों के कब्जे से पुलिस ने मोबाइल व ठगी में इस्तेमाल की जाने वाली अन्य सामग्री और नकदी बरामद की है।

आईजी राहुल प्रकाश ने बताया कि डीग जिले के मेवात क्षेत्र में कामां, जुरहरा, सीकरी, गोपालगढ़, खोह, डीएसटी और रेंज स्पेशल टीमों ने दो दिन तक साइबर अपराधियों के खिलाफ दबिश की कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 19 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया गया। इनमें कामां से 6, खोह से 3, जुरहरा से 2, गोपालगढ़ से 1, गढ़ी मेवात से 1 और सीकरी थाना क्षेत्र से 4 ठगों को गिरफ्तार किया, जबकि दो विधि से संघर्षरत बालकों को निरुद्ध किया गया।



### एक ठग के पैर में लगी गोली

आईजी ने बताया कि सूचना पर कामां पुलिस बोलखेड़ा के जंगलों में पहुंची, तो वहां मौजूद ठगों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने बचाव में जवाबी फायरिंग की गई। इसमें बोलखेडा निवासी साकिर मोहम्मद उर्फ साकिर (19) के दाहिने पैर में गोली लगी। आरोपी के कब्जे से अवैध कट्टाबरामद किया गया, वहीं अन्य आरोपियों से 27 मोबाइल, 40 फर्जी सिम, 13 एटीएम कार्ड, दो चेकबुक और डेढ़ लाख रुपए बरामद किए।

### साइबर अपराधी ऐसे करते थे ठगी

पकड़े गए साइबर अपराधी ऑनलाइन सस्ता समान बेचकर, महिलाओं को प्रेग्नेंट करने का विज्ञापन देकर, अश्लील वीडियो बनाकर लोगों को ठगी का शिकार बनाते थे। ठगी की रकम को फर्जी कागजात से ओपन किए गए बैंक खातों में डलवाकर फर्जी एटीएम से निकाल लिया जाता। महिला को गर्भवती करने का विज्ञापन जिस मोबाइल से जारी किया गया, उसे डीग जिले के गोपालगढ़ थाना क्षेत्र का एक 13 साल का नाबालिग बच्चा हैंडल कर रहा था।

### साइबर क्राइम के गांव किए चिह्नित

आईजी राहुल प्रकाश ने बताया कि मेवात के साइबर अपराध में लिप्त गांवों की सूची तैयार की गई है। इनमें अधिक साइबर अपराध वाले ए श्रेणी के और कम साइबर अपराध वाले गांव बी श्रेणी में रखकर लगातार दबिश की कार्रवाई की जा रही है। आईजी ने बताया कि आगे भी साइबर अपराध के खिलाफ इसी तरह कार्रवाई जारी रहेगी। आईजी ने बताया कि मेवात क्षेत्र में साइबर अपराध को जड़ से खत्म करने के लिए पुलिस अधिकारी जी जान से मेहनत कर रहे हैं। साइबर अपराधियों के खिलाफ अच्छा काम करने वाले अधिकारियों की विशेष पदोन्नति के लिए डीजी को लिखकर भेजेंगे। ऐसे मेहनती अधिकारियों और कर्मचारियों को विशेष पदोन्नति का लाभ मिलेगा।

### फर्जी पुलिसकर्मी समेत तीन गिरफ्तार

**भरतपुर।** अभियान ऑपरेशन एंटीवायरस के तहत पुलिस ने एक शातिर ठग समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। यह ठग खुद को बीएसएफ का पूर्व कर्मी और वर्तमान में स्पेशल टीम का इंचार्ज बताकर ठगों से



ठगी करता था। उसने फेसबुक और व्हाट्सएप पर आर्मी वर्दी का फोटो लगा रखा था। उसके साथ ही उसके दो अन्य अपराधी साथियों को भी गिरफ्तार किया गया है। आईजी राहुल प्रकाश ने बताया कि कई दिन से फर्जी पुलिसकर्मी द्वारा ठगी करने की सूचना मिल रही थी। इस पर तकनीकी सहायता एवं आसूचना के आधार पर स्पेशल टीम द्वारा फर्जी पुलिसकर्मी बनकर वसूली करने वाले अलवर के लक्ष्मणगढ़ के गांव गोर पहाड़ी निवासी फरीद ऊर्फ राहुल पुत्र मानु ऊर्फ मानसिंह को गिरफ्तार किया गया। अलवर निवासी दो अन्य साथियों को भी गिरफ्तार किया गया है। आईजी ने बताया कि फरीद ऊर्फ राहुल ने फौजी वर्दी सिला रखी है। गांव में सभी लोग उसे फौजी कहते हैं। खुद को रेंज स्पेशल टीम का इंचार्ज बताकर वह लोगों से संपर्क करता था। वह पहले भी साइबर अपराध में गिरफ्तार हो चुका है। पुलिस ने इस मामले में अलवर निवासी तौफिक और अलीशेर ऊर्फ घुडचडी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से बोलेरो गाड़ी भी जब्त की है।

## जरूरी खबर

### गोविंददेवजी को लगाई सिंजारे की मेहंदी



**जयपुर।** आराध्य देव गोविंददेवजी के मंदिर में मंगलवार को सिंजारा का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर ठाकुरजी का विशेष श्रृंगार कर लाल मेंहदी लगाई गई। सिंजारे की झांकी के दौरान ठाकुर जी को काले रंग की लप्पा जामा पोशाक धारण करवाई गई। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी ने बताया कि सिंजारे के अवसर पर ठाकुरजी की विशेष झांकी सजाई गई है। बुधवार को हरियाली तीज मनाई जाएगी। इस अवसर पर आराध्य देव गोविंद देव जी भी अपने भक्तों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देंगे।

### सीवर लाइन की समस्या को लेकर निगम में नारेबाजी



**जयपुर।** वार्ड नंबर 134, 143 और 146 में सीवरलाइन की समस्या को लेकर पार्षद करण शर्मा ने समर्थकों के साथ नगर निगम में प्रदर्शन किया। बाद में तीन घंटे में समस्या के समाधान के आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ। खबर लिखे जाने तक दो वार्डों में समस्या का समाधान होने की जानकारी मिली। कांग्रेस पार्षद पंडित करण शर्मा मंगलवार को नगर निगम मुख्यालय पर 50 से ज्यादा समर्थकों के साथ सीवर लाइन का पानी बोतल में लेकर पहुंचे। अतिरिक्त उपायुक्त सीमा कुमारी से पार्षद पंडित करण शर्मा के साथ चार लोगों का प्रतिनिधि मंडल उनसे मिला। शर्मा ने बताया कि अतिरिक्त उपायुक्त ने 3 घंटे में परेशानी के समाधान का आश्वासन दिया। साथ ही अधिशाषी अभियंता हेडक्वार्टर को आदेश दिए कि वह वार्ड न. 134 में यूरिनल बनाने का काम जल्द से जल्द कराए।

**शाम 5:30 बजे निकलने वाली तीज की सवारी के कारण किया बदलाव**

# परकोटे में आज अलग ट्रैफिक व्यवस्था, कई जगह NO ENTRY

**बेधड़क | जयपुर**

राजधानी में बुधवार शाम 5:30 बजे तीज माता की सवारी निकाली जाएगी। इसके लिए शहर में जगह-जगह ट्रैफिक डायवर्ट किया जाएगा। तीज माता की सवारी के कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों के लिए पार्किंग की जगह भी निर्धारित की गई है, जो शाम 5 बजे से लागू होगी। दरअसल, जयपुर में 7 अगस्त को तीज और 8 अगस्त को बूढ़ी तीज की सवारी निकलेगी। यह जनानी ड्योढ़ी से रवाना होकर त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, गणगौरी बाजार होते हुए चौगान स्टेडियम पहुंचेगी। इस दौरान लोगों को परेशानी न हो, इसके लिए ट्रैफिक प्लान बनाया गया है।

### इन जगह ट्रैफिक डायवर्ट रहेगा

तीज माता की सवारी त्रिपोलिया बाजार से निकलने के बाद केवल हल्के वाहन चौड़ा रास्ता में प्रवेश कर सकेंगे, जिन्हें त्रिपोलिया से बड़ी चौपड़ की तरफ डायवर्ट किया जाएगा। रामगढ़ मोड़ से किसी भी प्रकार के भारी वाहन जोरावर सिंह गेट की तरफ नहीं जा सकेंगे और न ही उन्हें माउंट रोड होकर शहर के अंदर आने दिया जाएगा। इसी तरह गढ़ गणेश चौराहा और चौगान स्टेडियम की तरफ से गणगौरी बाजार होकर नहीं जा सकेंगे। चौगान स्टेडियम चौराहा से हल्के वाहन बारह भाइयों के चौराहे से होकर चांदपोल बाजार की तरफ जा सकेंगे। वहीं गढ़ गणेश चौराहा से नाहरी का नाका की तरफ डायवर्जन किया जाएगा। तीज माता मेले की समाप्ति तक अजमेरी गेट से किशनपोल बाजार होकर छोटी चौपड़ की तरफ किसी भी प्रकार की बस और बड़े वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। तीज माता की सवारी छोटी चौपड़ क्रॉस करने के बाद केवल हल्के वाहन जाने दिए जाएंगे।



### बसों का भी रूट बदला

सांगानेरी गेट से सुभाष चौक, सुभाष चौक से सांगानेरी गेट आने व जाने वाली बसें घाटगेट, घाट बाजार, रामगंज चौपड़, चार दरवाजा होकर सुभाष चौक आ-जा सकेंगी। रामगंज चौपड़ की तरफ से बड़ी चौपड़ होकर चलने वाली बसें घाट बाजार, घाटगेट से सांगानेरी गेट, एम.आई. रोड आ सकेंगी।

### यह रहेगी पार्किंग व्यवस्था

त्रिपोलिया गेट से छोटी चौपड़, गणगौरी बाजार, चौगान स्टेडियम तक सभी प्रकार के वाहनों की पार्किंग पर 3 बजे के बाद रोक रहेगी। सांगानेरी गेट, सुभाष चौक, रामगंज चौपड़ की तरफ से बड़ी चौपड़ आने वाली बसों की एंट्री शाम 4 बजे से नहीं हो सकेगी।

**छात्र संघ चुनाव की मांग को लेकर यूनिवर्सिटी में प्रदर्शन**

# छात्रों को घसीटा, 15 को हिरासत में लिया... मुंह काला कर पहुंचे छुड़ाने

**बेधड़क | जयपुर**

छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर मंगलवार को राजस्थान यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट्स ने प्रदर्शन किया। इस दौरान कैंपस में छात्रों ने सरकार का पुतला फूंका। प्रदर्शन कर रहे स्टूडेंट्स जब यूनिवर्सिटी से बाहर आने लगे तो पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया। पुलिसकर्मियों ने सड़क पर बैठे छात्रों को घसीटा और 15 से ज्यादा छात्रों को हिरासत में ले लिया। उन्हें छुड़ाने के लिए कुछ छात्र मुंह काला कर प्रदर्शन करने लगे। उनको भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया। प्रदर्शन में एनएसयूआई, एसएफआई, आरएलपी और निर्दलीय समेत विभिन्न छात्र संगठनों के स्टूडेंट शामिल रहे। हालांकि, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने प्रदर्शन से दूरी बनाकर रखी।

मंगलवार दोपहर 12:00 बजे यूनिवर्सिटी के गेट पर छात्रों ने धरने की शुरुआत की। करीब एक घंटा धरना देने के बाद छात्रों ने सरकार का पुतला फूंका। दोपहर 2 बजे छात्रों ने यूनिवर्सिटी के गेट से बाहर आने की कोशिश की। गेट के पास टायर में आग लगा दी। इसके बाद पुलिस ने दोपहर 2:30 बजे महेश चौधरी, मोहित यादव, राहुल महला समेत 15 से ज्यादा छात्र नेताओं को हिरासत में ले लिया। प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने यूनिवर्सिटी कैंपस में रैली निकाल कर अलग-अलग ब्लॉक बंद कर दिए। सबसे पहले छात्र नेताओं ने एडमिनिस्ट्रेशन ब्लॉक को बंद कर ताला लगाया। इसके बाद कुलपति सचिवालय और फाइनेंस ऑफिस को बंद कर दिया। मामले को लेकर छात्र नेता सुरेंद्र चौधरी ने कहा- हम गांधीवादी तरीके से अपना मुंह काला करके यूनिवर्सिटी कैंपस में प्रदर्शन कर रहे थे। हम चाहते हैं कि पुलिस हमारे साथियों को रिहा कर दे, लेकिन पुलिस ने बेवजह हमें ही पकड़ लिया है।








### उपचुनाव में भुगतना पड़ेगा परिणाम

छात्र नेता महेश चौधरी ने कहा कि भाजपा नेता विधानसभा चुनाव से पहले छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग कर रहे थे। आज उन सभी ने चुप्पी साध ली है। मुख्यमंत्री से लेकर सरकार के तमाम मंत्री छात्रसंघ चुनाव पर कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। इसे राजस्थान के छात्र कभी नहीं भूलेंगे। प्रदेश की भाजपा सरकार ने अगर समय रहते चुनाव का ऐलान नहीं किया तो आने वाले विधानसभा उपचुनाव में भी उन्हें इसका परिणाम भुगतना पड़ेगा। छात्र नेता शुभम रेवाड़ ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव देश का एकमात्र ऐसा चुनाव होता है, जहां सभी मतदाता साक्षर होते हैं। फिर न जाने क्यों सरकार पढ़े-लिखे लोगों को ही अपने मत का प्रयोग करने से रोक रही है। सरकार की यह प्रक्रिया पूरी तरह से गलत है। छात्र नेता शिवराज पचेरवाल ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव आम छात्रों की आवाज है। जब तक सरकार चुनाव की घोषणा नहीं करेगी, हमारा विरोध जारी रहेगा।

**IIS और येयुंगनाम यूनिवर्सिटी में MOU**

## शिक्षा, अनुसंधान और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए मिलाया हाथ



**बेधड़क | जयपुर**

आईआईएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) ने मंगलवार को कोरिया गणराज्य की येयुंगनाम यूनिवर्सिटी के साथ शिक्षा, अनुसंधान और सहयोग को बढ़ावा देने और बढ़ाने के मकसद से एक एमओयू साइन किया है। कोरिया गणराज्य के येयुंगनाम यूनिवर्सिटी के सहायक प्रो. डॉ. राकेश भास्कर के साथ हुई एक बैठक में इस पर विस्तार से चर्चा की गई। आईआईएस यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. टीएन माथुर और डॉ. राकेश भास्कर ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस मौके पर आईआईएस यूनिवर्सिटी की रजिस्ट्रार डॉ. राखी गुप्ता समेत साइंस संकाय के प्रो. पीजे जॉन और साइंस डिपार्टमेंट्स के डायरेक्टर्स और हेड मौजूद रहे।

## 6 को 'कॉन्स्टेबल ऑफ दी मंथ अवॉर्ड'

**बेधड़क | जयपुर**

जुलाई-2024 में सर्वश्रेष्ठ काम के लिए चिह्नित जयपुर पुलिस कमिश्नरेट के 6 पुलिसकर्मियों को 'कॉन्स्टेबल ऑफ दी मंथ' अवॉर्ड दिया गया। पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि जयपुर डीसीपी (ईस्ट) ऑफिस में तैनात कॉन्स्टेबल शंकर लाल, कोटखावदा इलाके से कॉन्स्टेबल शंकर, सदर थाने के कॉन्स्टेबल इन्द्राजमल, आमेर थाने के कॉन्स्टेबल गिरधारी, सोडाला थाने के कॉन्स्टेबल रघुनाथ, ट्रैफिक कॉन्स्टेबल प्रेमसिंह, चुनाव सेल ऑफिस के कॉन्स्टेबल राजेश भारद्वाज को सम्मानित किया गया है।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।


**प्रिया राठौड़ और एनके मित्तल ने दिया पहला शॉट**

## राजस्थानी फिल्म 'म्हारो श्याम' का मुहूर्त

**बेधड़क | जयपुर**

मित्तल मूवीज के बैनर तले बन रही राजस्थानी फिल्म 'म्हारो श्याम' का होटल गोल्डन ट्यूलिप में सोमवार को मुहूर्त किया गया। अभिनेत्री प्रिया राठौड़ और अभिनेता एनके मित्तल पर पहला शॉट फिल्माया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार फारूक आफरीदी, चिकित्सा विभाग के संयुक्त आयुक्त डॉ. एसएन धौलपुरिया, सैंसर बोर्ड के पूर्व सदस्य रियाज फारूकी, फिल्म निर्माता एन के मित्तल, लेखक संतोष निर्मल, फिल्म के निर्देशक और अभिनेता मंजूर अली, केमरामैन जय तारी, साहिल खान, लखविंदर सिंह, नरवड़ शरीफ दरगाह के खादिम इमरान खान और साहित्य और संस्कृति से जुड़ी हस्तियां मौजूद रहीं। इस मौके पर मुख्य अतिथि फारूक आफरीदी ने राजस्थानी फिल्मों की अनुदान राशि बढ़ाने की बात कही। दिनेश कुमार और रियाज फारूकी ने टीम को बधाई दी। फिल्म के गीत रफीक राजस्थानी के होंगे और संगीत राज सेन देंगे।



**ग्रेजुएशन लेवल परीक्षा के लिए 9 से भरे जाएंगे आवेदन**

## CET में निगेटिव मार्किंग, 40% अंक जरूरी

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान में समान पात्रता परीक्षा (सीईटी) ग्रेजुएशन लेवल का आयोजन 25 से 28 सितंबर के बीच किया जाएगा। इसके लिए अभ्यर्थी 9 अगस्त से 7 सितंबर तक कर्मचारी चयन बोर्ड की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर अप्लाई कर सकते हैं। राजस्थान में समान पात्रता परीक्षा (सीईटी) ग्रेजुएशन लेवल में इस बार नेगेटिव मार्किंग होगी। साथ ही इस बार अभ्यर्थियों को न्यूनतम 40% अंक लाना अनिवार्य है, इससे कम अंक आने पर उन्हें अपात्र घोषित कर दिया जाएगा। अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों को न्यूनतम अंकों में पांच प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

सीईटी में सवाल के जवाब के 5 विकल्प दिए जाएंगे। अभ्यर्थियों को किसी सवाल का जवाब नहीं देने की स्थिति में पांचवें विकल्प को भरना जरूरी होगा। सीईटी के स्कोर के आधार पर अभ्यर्थी भविष्य में होने वाली 11 भर्तियों में हिस्सा ले सकेंगे। बोर्ड अध्यक्ष आलोक राज ने बताया- सीईटी में गलत उत्तर देने पर एक तिहाई अंक काटा जाएगा। इसके साथ ही अन्य भर्तियों की तरह 5वें विकल्प का नियम लागू किया है।

हमारा उद्देश्य है कि मुख्य परीक्षा के लिए योग्य अभ्यर्थियों का ही चयन हो। कोई भी उम्मीदवार तुक्केबाजी करके 40 प्रतिशत अंक प्राप्त नहीं कर सके। सीईटी में आने वाले अंकों को सार्वजनिक किया जाएगा। किसी पद विशेष की भर्ती के समय इस परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाएगा। इस स्कोर की वैधता एक साल के लिए रहेगी। ऐसे में अभ्यर्थी एक बार परीक्षा देने के बाद एक साल तक उन्हीं अंकों के आधार पर नौकरी के लिए आवेदन कर सकता है। इस परीक्षा में बैठने के लिए किसी तरह की कोई सीमा नहीं होगी। जितनी बार चाहें उतनी बार यह परीक्षा दे सकते हैं।

परीक्षा के लिए एक बार ही रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इससे बार-बार फीस देने सहित अन्य समस्याओं का निपटारा हो जाएगा।

**प्रदेश में तेज बारिश का दौर जारी: जैसलमेर के ऐतिहासिक सोनार फोर्ट की दीवार ढही**

# प्रदेश के 4 जिलों में बिगड़े हालात, 40 घंटों में 12 लोगों की मौत

- **चंबल नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण मंगलवार सुबह कोटा बैराज के 2 गेट खोले**

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में पिछले तीन दिनों से हो रही तेज बारिश के कारण हालात बिगड़ गए हैं। पाली, टोंक, भरतपुर सहित कई जिलों में भारी बारिश से बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई है। प्रशासन अलर्ट मोड पर है। भरतपुर में गंभीर नदी में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। ये बच्चे सोमवार रात को बहे थे, जिनके शव को मंगलवार को गोताखोरों ने निकाले। नागौर में मंगलवार को हुई तेज बारिश के कारण एक मकान का पीछे का हिस्सा गिर जाने से 7 साल के बच्चे की मौत हो गई। उसका छोटा भाई और नानी घायल हो गई। बीते 40 घंटे में प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में तेज बरसात के कारण 12 लोगों की मौत हुई है। दूसरी ओर, प्रदेश में बीते दो दिन से हो रही तेज बारिश के कारण नदी-नालों में उफान है। टोंक का टोरडी सागर डेम ओवरफ्लो हो गया है। चंबल नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण मंगलवार सुबह कोटा बैराज के 2 गेट खोले गए।

इसी प्रकार मारवाड़ रीजन में तेज बारिश के कारण 6 ट्रेन कैंसिल की गई, जबकि इतनी ही ट्रेनों के रूट को डायवर्ट किया गया है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार राजस्थान में आए लो-प्रेशर सिस्टम का असर आज से खत्म हो जाएगा। ये सिस्टम आगे पाकिस्तान की तरफ चला जाएगा, जिससे तेज बारिश का असर थोड़ा कम होने के आसार हैं। इधर, राजधानी जयपुर में मंगलवार सुबह हल्की बूंदाबांदी से मौसम सुहावना हो गया। जयपुर में पिछले दो दिन से मौसम खुशनुमा बना हुआ है।



### बीसलपुर का जलस्तर 311.41 आरएल मीटर

जयपुर सहित टोंक और अजमेर जिलों के सबसे बड़े जल स्रोत बीसलपुर बांध का गेज मंगलवार सुबह 6 बजे तक 311आर एल मीटर को पार कर 311.20 आर एल मीटर दर्ज किया गया। दोपहर 2 बजे तक फिर से 18 सेमी की बढ़ोतरी के साथ गेज 311.38 आर एल मीटर पर पहुंच गया। जो शाम 6 बजे तक महज एक सेमी की बढ़ोतरी के साथ 311.41 आर एल मीटर दर्ज किया गया है। यानी बांध में 15.428 टीएमसी का जलभराव हो चुका है। वहीं, बने राणा प्रताप सागर बांध का जल स्तर 349.77 मीटर पहुंच चुका है। वहीं, तेज बारिश के चलते जैसलमेर के ऐतिहासिक सोनार फोर्ट की दीवार का एक हिस्सा ढह गया।

### पाली में बाढ़ जैसे हालात

पाली जिले में जारी जोरदार बारिश से आसपास के क्षेत्र में बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न हो गए हैं। खारड़ा बांध ओवरफ्लो हो गया है, जिससे बांध का पानी जोधपुर पाली हाईवे पर पहुंचने से यातायात प्रभावित होने की स्थिति में है। बांध का पानी लूणी तहसील के गांवों में आने से जल भराव के हालात बन चुके हैं।

### खाद्य सामग्री पर दौड़ रहे थे चूहे

**जयपुर।** शुद्ध आहार- मिलावट पर वार अभियान के अंतर्गत आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण इकबाल खान के निर्देशन में अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा के नेतृत्व में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने मेसर्स जे ओबेरॉय स्वीट्स, टोंक रोड से पिस्ता बर्फी, काजू, और बादाम कटिंग का नमूना लिया गया।

यहां निर्माण इकाई पर अत्यधिक मात्रा में गंदगी पाई गई तथा चूहे घूमते हुए पाए गए चूहों के मल मूत्र भी जहां खाद्य सामग्री थी वहां पाया गया। चासनी में चींटे मिले। इसके अलावा मैसर्स कन्हैया लाल हलवाई, सांगानेर से मिल्क केक, पनीर, ग्रेवी और मावा का नमूना लिया गया।

# भूस्खलन रोकने के लिए जैव-विविधता का संरक्षण जरूरी



सुनील कुमार महला
स्वतंत्र टिप्पणीकार

वर्तमान में मानसून का सीजन चल रहा है। मानसून के इस सीजन में कहीं कहीं बहुत अधिक बारिश हो रही है और इससे जहां एक ओर हमारे देश में अनेक स्थानों पर बाढ़ आ गई है तो वहीं दूसरी ओर पहाड़ों में भूस्खलन की घटनाएं घटित हो रही हैं। दरअसल आज हम प्रकृति के संरक्षण की ओर पर्याप्त ध्यान नहीं दे पा रहे हैं और यही कारण है कि जलवायु परिवर्तन से बारिश भी बहुत अधिक होने लगी है तो कहीं पर सूखा भी पड़ने लगा है। बारिश शहरों व बड़े महानगरों से लेकर गांव गलियों तक के ड्रेनेज सिस्टम की पोल खोल रहा है।

आज बढ़ती जनसंख्या के बीच हमारे शहर भी नियोजित ढंग से नहीं बसाये गये हैं और उसका खामियाजा हमें निचले इलाकों में पानी भरने, बाढ़ आने के रूप में देखने को मिल रहा है। हमारे देश में भूस्खलन की घटनाएं तो जैसे आम होने लगीं हैं, विशेषकर बारिश के सीजन में। कहना ग़लत नहीं होगा कि भूस्खलन का कारण कहीं न कहीं अधिक बारिश भी है। बारिश ही नहीं

बर्फ पिघलने, जल स्तर में परिवर्तन, धारा कटाव, भूजल में परिवर्तन, भूकंप, ज्वालामुखीय गतिविधियों, मानवीय गतिविधियों द्वारा गड़बड़ी, या इन कारकों के किसी भी संयोजन से ढलानों में भूस्खलन शुरू हो सकता है। जानकारी देना चाहूंगा कि भूकंप के झटके और अन्य कारक भी पानी के भीतर अनेक बार भूस्खलन को प्रेरित कर सकते हैं। हमारे देश भारत में भूस्खलन एक बहुत ही गंभीर प्राकृतिक आपदा है जिसके भयानक परिणाम होते हैं। भूस्खलन की घटनाएं खड़ी ढ़लान वाली भूमि, चट्टानों में जोड़ व दरारें होने, ढ़ीली मिट्टी (वृक्ष कटाई के कारण), चरागाहों के कम होने के कारण होती हैं। इन दिनों हमारे देश में दक्षिण-पश्चिमी मानसून आसमानी आफत का रूप ले चुका है। बीते कुछ दिनों से दक्षिण से उतर भारत तक जहां देखो वहीं पर पानी का रौद्र रूप देखने को मिला। उल्लेखनीय है कि हाल में ही केरल के वायनाड में तीव्र भू-स्खलन ने मुंडक्कई, चूरलमाला कस्बों का अस्तित्व तक ही मिटा दिया। भीषण त्रासदी में सैकड़ों लोग मारे गए। पशुधन, जान माल को काफी नुकसान पहुंचा है। जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया ।सच तो यह है कि विनाशकारी लैंडस्लाइड अब राष्ट्रीय आपदा बन चुकी है।

> *इसरो के बीते वर्ष जारी भूस्खलन मानचित्र के मुताबिक, भारत के 30 सर्वाधिक भूस्खलन-संभावित जिलों में से 10 केरल में ही थे, और वायनाड इनमें 13वें स्थान पर था। इसी में यह भी कहा गया था कि पश्चिमी घाट का 90 हजार वर्ग किमी. क्षेत्र भूस्खलन की दृष्टि से संवेदनशील है। आज भारत ही नहीं संपूर्ण विश्व में जलवायु परिवर्तन तेजी से हो रहा है। गर्मियों में गर्मी अधिक और सर्दियों में सर्दी अधिक कहीं न कहीं जलवायु परिवर्तन का ही प्रभाव है।*

केरल जैव विविधता की दृष्टि से भारत के संपन्न राज्यों में से एक है, ऐसे में केरल जैसे राज्य में लगातार भूस्खलन चिंता का विषय हैं। अध्ययन बताते हैं कि जलवायु परिवर्तन और वन क्षेत्र की हानि केरल के वायनाड में विनाशकारी भूस्खलन के दो महत्त्वपूर्ण कारण हैं। इसरो की सैटेलाइट तस्वीरें वायनाड भूस्खलन में व्यापक तबाही दिखाती हैं। सैटेलाइट द्वारा प्राप्त तस्वीर से पता चलता है कि लगभग 86,000 वर्ग मीटर भूमि खिसक गई, जिससे राष्ट्रपति भवन के आकार से लगभग पांच गुना बड़ा भूस्खलन हुआ। पता चला है कि मलबा इरुवैफुझा नदी के किनारे लगभग 8 किलोमीटर तक बह गया, यह बहुत ही चिंताजनक है। जानकारी देना चाहूंगा कि इसरो द्वारा तैयार किए गए 2023 'लैंडस्लाइड एटलस ऑफ इंडिया' ने वायनाड क्षेत्र को भूस्खलन के प्रति संवेदनशील क्षेत्र के रूप में रखा था। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि इसरो के बीते वर्ष जारी भूस्खलन मानचित्र के मुताबिक, भारत के 30 सर्वाधिक भूस्खलन-संभावित जिलों में से 10 केरल में ही थे, और वायनाड इनमें 13वें स्थान पर था।

इसी में यह भी कहा गया था कि पश्चिमी घाट का 90 हजार वर्ग किमी. क्षेत्र भूस्खलन की दृष्टि से संवेदनशील है। आज भारत ही नहीं संपूर्ण विश्व में जलवायु परिवर्तन तेजी से हो रहा है। गर्मियों में गर्मी अधिक और सर्दियों में सर्दी अधिक कहीं न कहीं जलवायु परिवर्तन का ही प्रभाव है, ऐसे में हम सभी को चेतने की जरूरत है। पिछले कुछ वर्षों में बारिश के असमान वितरण अर्थात अचानक भारी वर्षा में बढ़ोतरी होने से मानसूनी त्रासदियां बढ़ती जा रही हैं। अब समय आ गया है हम सभी मिल जुल कर जलवायु में हो रहे बदलाव पर कार्य करें अन्यथा हम कहीं के भी नहीं रहेंगे। भारत में उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश भी भूस्खलन की दृष्टि से बहुत संवेदनशील क्षेत्रों में से एक हैं। कहना गलत नहीं होगा कि इन दिनों उत्तराखंड में तेज बारिश कहर बनकर टूट रही है। वहीं महाराष्ट्र, गुजरात और राजस्थान के कई जिलों में भी तेज बारिश से संकट बना हुआ है। दिल्ली जैसे महानगर में भी बारिश एक बड़ी समस्या बनी हुई है। जानकारी देना चाहूंगा कि उत्तराखंड भूस्खलन न्यूनीकरण और प्रबंधन केंद्र ने अभी तक राज्य की सड़कों पर ऐसे 132 भूस्खलन हॉटस्पॉट क्षेत्र चिह्नित किए हैं जिनमें वर्षाकाल के दौरान विशेष निगरानी की आवश्यकता है। पूर्व में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के एक अध्ययन में उत्तराखंड का रुद्रप्रयाग जिले को भारत का सर्वाधिक भूस्खलन संवेदनशील जिला बताया गया था। यहां भूस्खलन घनत्व भी सबसे अधिक बताया गया था। किसे याद नहीं है कि वर्ष 2013 की आकस्मिक बाढ़ ने केदारनाथ धाम मंदिर वाले शहर को मलबे में बदल दिया था। एक दशक से भी ज्यादा समय बाद भी उस विभीषिका निशान साफ दिखते हैं। बहरहाल, हमें इस बात का पता है कि पर्यावरण विदो ने पश्चिमी घाट को पर्यावरण के प्रति अतिसंवेदनशील बताया हुआ है और इस क्षेत्र में मानवीय गतिविधियों पर रोक की सिफारिश भी की गई है। बावजूद इसके इन चेतावनियों को हम सभी नजरंदाज करते हैं। हमें पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील होना होगा और प्रकृति के संकेतों को समय रहते समझना होगा,अन्यथा मानवजाति को गंभीर परिणाम झेलने पड़ सकते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## आम नागरिकों से सुझाव लेकर प्रशासन को उठाने चाहिए ठोस कदम

# लापरवाही के चलते जलमग्न होते शहर



राजीव जैन
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> *प्रशासन और सरकारी तंत्र के पास अभी भी समय है कि वो चिह्नित जगहों की सुध लेकर ठोस उपाय अमल में लाए। शहरों की उन सड़कों पर जहां रोजमर्रा के कामकाज के लिए सैकड़ों लोगों की आवाजाही रहती है उन पर पहले ध्यान देने की आवश्यकता है। इन सड़कों पर ही शहरी संस्थाएं ठीक से काम कर ले तो जनता की परेशानी आधी हो जाएगी।*

देश में मानसून का सबको इंतजार रहता है। प्रशासन की लापरवाही के चलते ही मानसून की बारिश लोगों के लिए मुसीबत का सबब भी बन जाती है। देश की राजधानी में मानसून की पहली बारिश ने ही प्रशासनिक व्यवस्थाओं की पोल खोल कर रख दी थी। इसके बाद हाल में हुई बारिश ने भी दिल्ली को आफत ही दी कोई सुधार प्रशासन नहीं कर पाया। इसी तरह के हालात कमोबेश देश के तमाम बड़े शहरों और कस्बों के इन दिनों हो रहे हैं। राज्य की राजधानी जयपुर में भी पहली बारिश ने आधे शहर को जलमग्न की हालात में ला दिया। इससे बुरा हाल तो अगस्त माह की शुरुआती तारीख को ही देखने को मिला, जब पूरा शहर ही जलमग्न की हालात में आ गया।



जयपुर समेत प्रदेश के तमाम शहरी इलाकों में लोगों को प्रशासन की लापरवाही का खामियाजा भुगतना पड़ा और घरों में कैद या सड़कों पर जाम में फंसना पड़ा। बुरे हालातों ने तो कई को मौत के मुंह में समा दिया। इन सबके पीछे हमारी व्यवस्था ही दोषी है। हर जगह सड़कों का क्षतिग्रस्त होना और जलभराव की स्थिति आम नागरिक को परेशान किए रहती है। इन व्यवस्थाओं को देखने वाले तंत्र को मालूम है कि बारिश होगी और जलभराव के हालात बनेंगे। हर वर्ष यही हालात देखने को मिलते हैं और हर बार दावे किए जाते हैं कि मानसून से पहले ही नालों की सफाई कर दी गई है पर दावें खोखले साबित होते हैं और जनता को परेशानी उठानी पड़ती है। मानसून मौसम का एक स्वाभाविक चक्र है। तेज बारिश तो अब हर महानगर, शहर और कस्बे में तकलीफ के दौर पर पहचाना जाने लगा है। बारिश के दौर में जो हालात शहरों के बनने लगे हैं उससे साफ लगता है कि इसमें समूची व्यवस्था का कुप्रबंधन और लापरवाही ही है। कुछ घंटों की बारिश ही कस्बों के साथ ज्यादातर शहरों के हाल बेहाल कर देती है। हालात इतने बिगड़ जाते हैं कि जनजीवन ठप हो जाता है और जाम के हालात बन जाते हैं। इसमें सुधार के लिए सरकारों के स्तर पर हमेशा काम होता है पर जब बारिश होती है तो कहीं भी प्रशासन के प्रयास कारगर नहीं हो पाते हैं। प्रशासन के साथ ही कई स्वयं सेवी संगठन भी इस दिशा में काम कर रहे हैं कि जलभराव के हालात नहीं बने और नागरिकों को असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। शहरों का पानी निकासी का पूरा तंत्र ही गड़बड़ा हुआ दिखाई देता है। हर वर्ष यही हालात बनते हैं पर इससे कभी सबक लिया ही नहीं जाता है। सड़कों और मोहल्लों में जलजमाव हो ही नहीं, इस दिशा में काम करने की जरूरत है।

इसके लिए आम नागरिकों से सुझाव लेकर प्रशासन को ठोस कदम उठाने चाहिए, तभी इस स्थायी समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है। नगरीय संस्थाओं को इस तरफ मानसून पूर्व ही ध्यान देना होगा और अपने तंत्र को मजबूत कर लोगों को राहत देने की पहल करनी होगी। इसमें सुधार के लिए नगरीय संस्थाओं को बहुत बड़ा बजट की सरकारों की तरफ से मुहैया कराया जाता है, लेकिन हालात सुधरने का नाम ही नहीं लेते हैं। जलभराव वाले इलाकों की पहचान कर वहां से पानी निकासी की व्यवस्था करने से समस्या को काफी हद तक काबू किया जा सकता है। देश में बारिश का दौर चल रहा है।

शुरुआती दौर में ही जो हालात सामने आ रहे हैं उससे लगता है कि शहरों के हाल बेहाल ही होंगे। मौसम विभाग ने भी इस बार अच्छी बारिश की भविष्यवाणी की है। उसे देखते हुए तो प्रशासन और सरकारी तंत्र के पास अभी भी समय है कि वो चिह्नित जगहों की सुध लेकर ठोस उपाय अमल में लाए। शहरों की उन सड़कों पर जहां रोजमर्रा के कामकाज के लिए सैकड़ों लोगों की आवाजाही रहती है उन पर पहले ध्यान देने की आवश्यकता है। इन सड़कों पर ही शहरी संस्थाएं ठीक से काम कर ले तो जनता की परेशानी आधी हो जाएगी। इसके साथ ही भविष्य में नए बसने वाले इलाकों में पानी निकासी का इंतजाम शुरुआत से ही सुधार ले तो भी लोगों को राहत मिल सकेगी। बरसात के दिनों में तो सड़कों पर जो हालात गडढ़ों और सीवरेज लाइन के खुले मेनहोलों से होते हैं उसको तो कोई देखने वाला ही नहीं होता है। पानी से लबालब सड़कों के बीच खुले मैनहोल और नालों में दुर्घटना की कई घटनाएं सामने आती रही है। इन्हें सुधारने के लिए हर बार प्रशासन दावे करता है पर हमेशा इनमें दुर्घटना होने की खबरे सामने आती रहती है। शहरी नागरिक बारिश के दौरान प्रशासन की लापरवाही का दंश दशकों से भुगत रहे हैं। आधुनिक दौर में जब तकनीक विकसित है तब भी इस दिशा में ठोस काम नहीं होना प्रशासन की अकर्मण्यता को ही दर्शा रहा है। शहरों में नगर निकायों में जिस दिशा में काम होना चाहिए उसका नितांत अभाव साफ दिखाई देता है। जलजमाव वाले इलाकों में लंबे समय तक पानी भरा रहता है। निकायों की लापरवाही के चलते ही जलभराव इलाके में रिहायशी बस्तियां बस जाती है। मानसून के दौरान इन इलाकों में पानी भरना आम बात है। इसकी निकासी नहीं हो पाती है और एक जगह एकत्र हुए पानी से बीमारियां भी पनप जाती है। इसके चलते ही मानसून के दौरान मलेरिया, डेंगू, बुखार जैसी बीमारियां लंबे समय तक लोगों को परेशान किए रहती है। इससे स्वास्थ्य विभाग का काम भी बढ़ जाता है। ऐसे हालातों के चलते लोगों के रोजगार पर भी असर पड़ता है। देश के महानगरों, शहरों और कस्बों के हालात सुधारना है तो इस दिशा में कारगर रणनीति बनाकर काम करने की सख्त आवश्यकता है। मानसून के दौरान बिगड़ने वाली व्यवस्थाओं को समय रहते ही पहचान कर उसका निदान निकालना जरूरी है। प्रशासन को खामियों की पहचान कर उन्हें दुरुस्त करने पर जोर देना होगा। इस दौरान आम नागरिकों की जान जोखिम में नहीं पड़े इसके लिए सरकार को भी अपने प्रशासन को सख्त हिदायत देकर जनसमस्या का निदान करना चाहिए। नगर निकायों को अतिक्रमण कर नालों और जलमाव वाले इलाकों से निर्माण हटाने और नहीं बनने देने पर भी मजबूती से काम करना होगा। देखने में आता है कि ज्यादातर शहरी इलाकों में जलग्रहण क्षेत्रों में बस्तियां बस गई है। कई संस्थाओं के सर्वे में यह जानकारी सामने आई है कि इन बस्तियों में रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य का स्तर भी बहुत खराब है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# मेरी झोपड़ी के भाग खुल जाएगे, वो...



आशीष सकलेचा
व्यंग्यकार

निर्धन मगनलाल रोज सुबह- सुबह गली मोहल्लों मे से गोबर समेट कर लाता और दिन- भर बड़ी मेहनत व लगन से अपने हाथों से कंडे बनाता। गांव के हाट बाजार में इनको बेचकर उसे जो पैसे मिलते थे उससे वो अपने परिवार का गुजारा चलाता था। एक दिन शाम को वो अपनी झोपड़ी के बाहर खटिया पर लेटे हुए अपनी मस्ती में बरसों पुराने रेडियो पर मन को भाने वाले मधुर फिल्मी गीत सुन रहा था कि अनायस सरपंच साहब का उधर से निकलना हुआ। उनको देख मगनलाल खटिया से उठ खड़ा हुआ और उसने सम्मानपूरक अपनी गांव की शैली में राम-राम कर खटिया पर बैठने का आग्रह किया। सरपंच साहब उसका आग्रह स्वीकार कर खटिया पर बैठ गए। मगनलाल अपनी झोपड़ी आंगन में सरपंच साहब को देख बहुत गदगद हो रहा था। बातचीत के दौरान सरपंच साहब ने मगनलाल को बताया कि एक गांव में बहुत बड़े नेताजी अचानक मोची की दुकान पर पहुंच गए और उन्होंने वहां उस मोची की दुकान पर स्वयं चप्पल भी सिली तथा चप्पल सिलने के लिए उसे एक मंहगी सिलाई मशीन भी भेंट की। इसके बाद एक बड़े आश्चर्य की बात यह हुई कि जिस चप्पल को नेताजी ने खुद सिला था उसे दो- तीन दिन बाद कुछ लोग उसे लगभग दस लाख रुपए में खरीदने को तैयार हो गए। सरपंच साहब के मुंह से यह बात सुनकर निर्धन मगनलाल भी सोचने लगा कि काश! वो नेताजी एक बार उसकी झोपड़ी पर भी आ जाए तो वह एक नहीं दो कंडे बना दे। एक कंडे को वो उस तरह के लोगों को चप्पल की तरह अच्छे खासे दामों में बेच देगा, जिससे गरीबी, निर्धनता दूर हो जाएगी और दूसरे कंडे को हमेशा अमूल्य धरोहर की तरह कांच की फ्रेम में अपने घर में रखेगा ताकि उसे देख उसकी आने वाली सात पीढ़ियां भी उन नेताजी को कभी नहीं भूले। मगनलाल यह भी सोच रहा है कि मोची को भेंट में मिली सिलाई मशीन की तरह उसे भी एक कंडे बनाने वाली मशीन भेंट में मिल जाए तो दिन भर हाथों से कंडे बनाने का झंझट हमेशा- हमेशा के लिए ही खत्म हो जाए। अब मगनलाल इस उम्मीद से एक बहुत चर्चित भजन गुनगुना ने लगा है जो कुछ समय पहले बहुत प्रसिद्ध हुआ "मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएगे, राम आएंगे...

तो... बस! इस भजन में उसने राम की जगह उन महान नेताजी का नाम जोड़ दिया। जब मगनलाल रोज इसे गुनगुने लगा तो उसकी पत्नी ने उसे टोकते हुए कहा ओ जी! आजकल आप जो यह गुनगुनाते होना उसमे राम जी की जगह यह किसका नाम लेते हो। मगनलाल ने अपनी पत्नी को गांव के सरपंच साहब द्वरा उससे कही गई बात के बारे में बताया। जब से मगनलाल की पत्नी ने यह बात सुनी है तब से वह शबरी की तरह अपनी झोपड़ी के बाहर रोज टक टकी लगाए उन महान नेताजी के आने का इंतजार इस आशा से कर रही है की उस मोची की तरह कभी उनके भी भाग खुल जाए।

## नॉलेज कॉर्नर: गुप्त शासक कुमारगुप्त प्रथम ने की थी इसकी स्थापना

# दुनिया के ज्ञान का केंद्र रहा है 'नालंदा'

भारत हमेशा से विश्वगुरु रहा है, यहां ज्ञान, सौहार्द, धर्म और स्वाभिमान कूट-कूटकर भरा है। इस देश में शुरु से शिक्षा को सर्वप्रथम मान्यता दी जाती रही है। हमारे देश का प्रचलित श्लोक भी है 'विद्या ददाति विनयं' यानि की विद्या विनय देती है। विद्या प्राप्त करने के लिए प्राचीन काल में भी वर्तमान की तरह कईं विश्वविद्यालय थे। जहां भारतीयों के साथ-साथ विदेशियों को भी शिक्षा व ज्ञान दिया जाता था। देश का सबसे प्राचीन विश्वविद्यालय तक्षशिला है। इस स्थान पर प्रसिद्ध 'बौद्ध सारिपुत्र' का जन्म भी हुआ था। इसके अलावा इतिहास में दर्ज कईं ऐसे विश्वविद्यालय हैं जो वर्तमान में केवल खंडहर बनकर रह गए हैं। इन्हीं में से एक है नालंदा विश्वविद्यालय। आज के नॉलेज कॉर्नर में विस्तार से जानते हैं नालंदा के बारे में...

### नालंदा का महत्व

इस विश्वविद्यालय में सभी प्रकार की विद्याओं की उच्च कोटि की शिक्षा तथा उपाधियां दी जाती थीं। इसमें प्रवेश करने के लिए तीन स्तरों में कठिन परीक्षा होती थी इसलिए केवल प्रतिभाशाली विद्यार्थी ही नालंदा में प्रवेश कर सकते थे। यह उस समय का उच्च शिक्षा का सर्वाधिक महत्वपूर्ण और विख्यात केन्द्र था। यहां महायान और हीनयान बौद्ध-धर्म के अलावा अन्य धर्मों व अनेक देशों के छात्र भी पढ़ते थे। बिहार राज्य में पटना से 88.5 किलोमीटर दूर स्थित इस विश्वविद्यालय की खोज अलेक्जेंडर कनिंघम ने की थी।



### विश्वविद्यालय की स्थापना

इस विश्वविद्यालय की स्थापना गुप्त शासक कुमारगुप्त प्रथम ने 450 से 470 ईस्वी के मध्य की थी। जिसे बाद में हेमंत कुमार गुप्त के उत्तराधिकारियों का पूरा सहयोग मिला। गुप्तवंश के पतन के बाद भी आने वाले सभी शासक वंशों ने लगातार इसकी समृद्धि में अपना योगदान दिया। नालंदा को महान सम्राट हर्षवर्द्धन और पाल शासकों का भी संरक्षण मिला। स्थानीय शासकों के अलावा अनेक विदेशी शासकों ने भी विश्वविद्यालय में अनुदान दिया था।

### नालंदा की बनावट

भारतीय इतिहास का अत्यंत सुनियोजित ढंग से बनाया गया नालंदा विश्वविद्यालय स्थापत्य कला का अद्भुत नमूना था। जिसका पूरा परिसर एक विशाल दीवार से घिरा हुआ था तथा प्रवेश के लिए एक बड़ा दरवाजा था। इसमें उत्तर से दक्षिण की ओर मठ, अनेक भव्य स्तूप और मंदिर थे। इसमें सात बड़े कक्ष और तीन सौ छोटे कमरे थे। इसके अलावा यहां आठ विशाल भवन, दस मंदिर, प्रार्थना कक्ष, अध्ययन कक्ष, और सुंदर बगीचे तथा झीलें भी थी। इस विश्वविद्यालय में कोरिया, जापान, चीन, तिब्बत, इंडोनेशिया, फारस तथा तुर्की से भी विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने आते थे। इसे नवीं शताब्दी से बारहवीं शताब्दी तक अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त थी।

### भारत के अन्य प्राचीन विश्विद्यालय

*नालंदा की तरह पूरे भारत में कई विश्वविद्यालय थे जहां शिक्षा प्राप्त की जाती थी। देश के इन प्राचीन विश्वविद्यालयों को आज भी पूरे विश्व में जाना जाता है। इनमें विक्रमशिला विश्वविद्यालय, वल्लभी विश्वविद्यालय, पुष्पगिरी, तक्षशिला, बीकारामपुर, ओडंतपुरी, सोमापुरा और रत्नागिरी विश्वविद्यालय प्रमुख हैं।*

कंटेंट: प्रताप सिंह नेगी

X



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP

यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो एयरपोर्ट में सुरक्षा संबंधी जागरूकता संवर्धन के उद्देश्य से जयपुर तथा प्रदेश के अन्य विमानक्षेत्रों पर 'एविएशन सिक्योरिटी कल्चर वीक' का आयोजन कर रहा है। राजस्थान में द्वितीय बार होने जा रहे इस कार्यक्रम हेतु नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो का हार्दिक अभिनंदन। 'आपणो अग्रणी राजस्थान' के विजन के अनुरूप विमानन क्षेत्र में हमारा राजस्थान सुरक्षा मानकों के नवीन आयाम स्थापित कर रहा है।



**योगी आदित्यनाथ,** मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
@myogiadityanath

आपदामपहर्तारं दातारं सर्वसम्पदाम्।
लोकाभिरामं श्रीरामं भूयो भूयो नमाम्यहम्॥
सनातन आस्था के केंद्र धर्मनगरी श्री अयोध्या धाम में आज प्रभु श्री रामलला के दर्शन-पूजन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। प्रभु श्री राम की कृपा ही जीवन का आधार है। उनके आशीर्वाद से सभी की मनोकामनाएं पूर्ण हों। जय श्री राम!

## बिहार: राजद विधायकों की अब होगी परीक्षा, पार्टी कार्यकर्ताओं से लिया जाएगा फीडबैक

# तेजस्वी 17 से शुरू करेंगे मिशन 2025, हर विधानसभा क्षेत्र में जाएंगे

एजेंसी | पटना

बिहार में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सियासी तैयारियां शुरू हो गई हैं। नेता प्रतिपक्ष व पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने भी विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के मिशन 2025 के लिए कमर कस ली है। इसके तहत उनकी योजना राज्यव्यापी यात्रा करने की है। तेजस्वी इस यात्रा के विभिन्न चरणों में सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों को कवर करेंगे। यात्रा के कई चरण होंगे। जिसमें एक महीने से ज्यादा



का समय लगने की संभावना है। यात्रा 17 अगस्त से शुरू होने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार यात्रा के दौरान तेजस्वी यादव पार्टी कार्यकर्ताओं से अपने विधायकों का फीडबैक लेंगे। उनकी योजना हर एक विधानसभा क्षेत्र में जाकर बूथ लेवल के कार्यकर्ताओं से संबंधित विधायक का फीडबैक लेने की है। इसके अलावा हर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के लिए किन नेताओं ने क्या-क्या काम किया है, इसकी भी जानकारी लेंगे। उन्होंने हाल ही एक समीक्षा बैठक में पार्टी विधायकों को साफ तौर पर कह दिया था कि जिनके फीडबैक अच्छे नहीं होंगे उनका टिकट काट दिया जाएगा।

### नीतीश सरकार की विफलताओं को करेंगे उजागर

राजद के प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने कहा कि यात्रा का मकदसद केंद्र में एनडीए सरकार में सहयोगी होने के बावजूद सीएम नीतीश कुमार बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने, बेरोजगारी और बढ़े हुए आरक्षण को नौवीं अनुसूची में शामिल कराने में असफल रहे हैं। इन कमियों को जनता तक पहुंचाने का काम करेंगे।

### गांवों में लोगों की समस्याओं से होंगे रूबरू

फीडबैक लेने के साथ ही तेजस्वी यात्रा के दौरान राजग सरकार की विफलताओं को भी उजागर करेंगे और पार्टी के जमीनी कार्यकर्ताओं में उत्साह भरने का काम करेंगे। उनकी यात्रा का उद्देश्य सुदूर गांव में रह रहे लोगों की समस्याओं से रूबरू होना भी है। ज्ञात रहे कि 2020 बिहार विधानसभा के चुनाव में राजद राज्य में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। तब पार्टी को 75 सीट पर जीत मिली थी। वहीं, महागठबंधन को 110 सीट मिली थी। राजद के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि यात्रा वाल्मीकिनगर से शुरू होने की संभावना है, जो आदिवासियों और पिछड़े वर्गों के बीच अपने पारंपरिक मतदाताओं का आधार होने के कारण आरजेडी के लिए एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। राजद सूत्रों ने बताया कि तेजस्वी, जिन्होंने पिछली बार लोकसभा चुनावों से पहले जनता से संपर्क करने के लिए फरवरी के मध्य में राज्य में जन विश्वास यात्रा निकाली थी, नुक्कड़ सभाएं, कार्यकर्ताओं और ब्लॉक स्तर के नेताओं के साथ उत्साह बढ़ाया था।

### लोकसभा चुनाव में लगा था झटका

आरजेडी ने पिछले लोकसभा चुनाव में महागठबंधन के सहयोगियों के साथ 23 सीटों पर चुनाव लड़ा था और चार सीटें जीती थीं। पार्टी पहले से ही जिला स्तर के नेताओं के साथ बैठकें कर रही है। ताकि यह जाना जा सके कि आम चुनावों के दौरान जोरदार अभियान चलाने के बावजूद पार्टी का प्रदर्शन अच्छा क्यों नहीं रहा। तेजस्वी यादव ने खुद 200 से ज्यादा चुनावी रैलियां की थीं।

---

## लाड़ली बहना योजना पर रोक संबंधी PIL खारिज



**मुंबई**। महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री मेरी लाडली बहना योजना पर ब्रेक नहीं लगेगा। बॉम्बे हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली सरकार द्वारा महिलाओं को हर महीने 1500 रुपए देने की योजना पर रोक लगाने से मना कर दिया है। बॉम्बे हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय और अमित बोरकर की पीठ ने उस जनहित याचिका को खारिज कर दिया। जिसमें सरकार की तरफ से घोषित की गई कुछ योजनाओं पर रोक लगाने की मांग की गई थी। इनमें लाडली बहन योजना प्रमुख है। चीफ जस्टिस की अगुवाई वाली बेंच ने पीआईएल को खारिज करते हुए कि सरकार का हर फैसला राजनीतिक होता है। इस योजना के लिए जो धनराशि जारी कि गई है वह एक प्रक्रिया के तहत दी गई है।

## बंगाल मॉडल शायद ही कोई लागू करेगा: शाह

**नई दिल्ली**। लोकसभा में मंगलवार को प्रश्नकाल के दौरान गृहमंत्री अमित शाह ने ममता सरकार पर चुटकी ली। शाह ने कहा कि मुझे हैरानी है कि कोई राज्य बंगाल मॉडल भी लागू करना चाहेगा? वामपंथी उग्रवाद रोकने में बंगाल सरकार की भूमिका से सब वाकिफ हैं। दरअसल लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान तृणमूल कांग्रेस के सांसद सौगत रॉय ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार वामपंथी उग्रवाद से निपटने में सफल रही है। उन्होंने पूछा कि क्या केंद्र सरकार राज्य के मॉडल का अध्ययन करेगी और इसे अन्य राज्यों में भी आजमाएगी? इसके जवाब में गृहमंत्री अमित शाह बोले कि सरकार को उन राज्यों के मॉडल को लागू करने में कोई समस्या नहीं है, जिन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया है। लेकिन मुझे लगता है कि कोई भी राज्य पश्चिम बंगाल मॉडल को लागू करना पसंद नहीं करेगा।

## रेलवे में नौकरी के बदले जमीन केस में आरोप पत्र दाखिल

# लालू-तेजस्वी समेत 11 लोगों को बनाया आरोपी, बढ़ेंगी मुश्किलें

एजेंसी | पटना

रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाले के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में पूरक आरोप पत्र दाखिल की है, जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री लालू यादव, उनके बेटे तेजस्वी यादव और अन्य को भी आरोपी बनाया गया है। ईडी का आरोप है कि लालू यादव ने रेल मंत्री रहते हुए नौकरी के बदले लोगों से जमीन ली थी। इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग की बात को ध्यान में रखकर भी जांच की जा रही है।

विशेष न्यायाधीश विशाल गोग्ने ने पूरक आरोप पत्र रिकॉर्ड पर लिया। ईडी ने 100 पन्नों की चार्जशीट में लालू, तेजस्वी समेत 11 लोगों को आरोपी बनाया है। चार्जशीट के साथ 96 दस्तावेज भी दिए गए हैं। विशेष सरकारी वकील मनीष जैन और वकील ईशान बैसला ने बताया कि चार्जशीट के आधार पर अब बहस शुरू होगी। सुनवाई के लिए विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने 13 अगस्त की तारीख तय की है। 6 जुलाई को अदालत ने निर्देश दिया था कि ईडी सुनवाई की अगली तारीख तक एक अतिरिक्त या अंतिम आरोप पत्र दाखिल करें। अदालत के निर्देश के अनुपालन में प्रवर्तन निदेशालय के संयुक्त निदेशक भी उपस्थित हुए। उन्होंने अदालत को जांच की स्थिति और एजेंसी द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी दी



### जनवरी में भी ईडी ने दाखिल की थी चार्जशीट

इससे पहले जनवरी में ईडी ने इसी मामले में एक चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें राबड़ी देवी, मीसा भारती, हेमा यादव और अमित कात्याल का नाम था। सीबीआई ने इस मामले की शुरुआती जांच की थी और बाद में ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के संबंधित जांच के लिए केस अपने हाथ में ले लिया था।

#### यह है आरोप

आरोप है कि लालू यादव ने 2004 से 2009 तक रेल मंत्री रहते हुए ग्रुप डी की नौकरियां देने के बदले लोगों से जमीन ली थी। जिन लोगों से जमीन ली गई, उनमें से ज्यादातर गरीब परिवारों से थे।

### सीबीआई के केस में लालू को कोर्ट से मिली जमानत

सीबीआई ने भी इस मामले में लालू परिवार को आरोपी बनाया है। हालांकि, अदालत ने उन्हें जमानत दे दी थी। ईडी ने अमित कात्याल को 11 नवंबर, 2023 को गिरफ्तार किया था और वह अभी भी न्यायिक हिरासत में है। कात्याल की जमानत याचिका हाई कोर्ट में लंबित है।

### ईडी ने किया दावा

ईडी का दावा है कि नौकरी के बदले जमीन का पूरा खेल एके इन्फोसिस्टम्स और एबी एक्सपोर्ट्स के नाम पर किया गया था। एजेंसी का दावा है कि इन कंपनियों को लालू परिवार को फायदा देने के लिए बनाया गया था। ईडी के मुताबिक, एके इन्फोसिस्टम्स ने 1.89 करोड़ रुपए में 11 भूखंड खरीदे थे। इसके अलावा यह कंपनी ही बाद में महज 1 लाख रुपए में लालू परिवार के सदस्यों के नाम पर ट्रांसफर कर दी गई।

## एससी-एसटी आरक्षण के वर्गीकरण का मामला

# कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने किया रणनीति तय करने पर मंथन

एजेंसी | नई दिल्ली

मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के हाल के फैसले पर अपनी रणनीति तय करने पर मंगलवार को पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर लंबी बैठक की। बैठक में पार्टी का शीर्ष नेतृत्व शामिल हुआ। बैठक के बाद पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले, जिसमें एससी/एसटी कैटगरी का उप वर्गीकरण करने को मंजूरी दी गई है, पर पार्टी नेताओं ने डेढ़ घंटे तक चर्चा की है।

उन्होंने कहा, मीटिंग में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी के अलावा पार्टी के कुछ सांसद और नेता मौजूद थे। इस बैठक का विषय सुप्रीम कोर्ट का हालिया फैसला था। जयराम रमेश ने कहा कि एससी/एसटी आरक्षण और कोटा के अंदर कोटा के सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर कांग्रेस अध्यक्ष अगले कुछ दिनों में कांग्रेस के मुख्यमंत्रियों और प्रदेश अध्यक्षों से भी बातचीत करेंगे, उसके बाद इस पर आगे की रणनीति पर फैसला लिया जाएगा।

हालांकि, रमेश ने कहा कि दो बातें बहुत स्पष्ट हैं। पहला कि जाति-आधारित जनगणना आवश्यक है और दूसरा कि एसटी/एससी/ओबीसी आरक्षण पर लागू 50प्रतिशत की सीमा को हटाने के लिए एक संविधान संशोधन लाना भी जरूरी है। माना जा रहा है कि कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन के घटक दल सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले से नाराज हैं और एससी-एसटी कैटगरी के अंदर उप वर्गीकरण और क्रीमीलेयर लागू करने जैसे कोर्ट के फैसले के खिलाफ हैं।



### किसानों का प्रतिनिधिमंडल राहुल से मिला

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने संयुक्त किसान मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल से मंगलवार को संसद भवन में मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने राहुल को किसानों के कर्ज माफी और एमएसपी की कानूनी गारंटी को लेकर दो ड्राफ्ट दिए। इसके बाद राहुल ने किसानों को आश्वासन दिया कि इस सत्र में समय कम बचा है। मगर, अगले सत्र में वो किसानों की मांग उठाएंगे। बैठक में किसानों ने राहुल गांधी से मांग की है कि वो कांग्रेस या फिर इंडिया ब्लॉक के 56 सदस्यों और किसान संगठनों के प्रतिंधिमंडल के सदस्यों से मिलाकर एक सलाहकार समिति बनाएं। जयराम के सुझाव के मुताबिक ये कमेटी किसानों की समस्या पर वृहद रूप में लगातार चर्चा करे। राहुल ने कहा है कि एमएसपी की कानूनी गारंटी जरूरी है लेकिन किसानों की समस्या के समाधान के लिए और देश एग्रेरियन क्राइसिस से निपटने के लिए एक दीर्घकालीन कार्यक्रम की जरूरत है। जयराम रमेश ने सुझाव दिया है कि राहुल गांधी अगले सत्र में प्राइवेट मेंबर बिल के जरिए किसानों की इन दोनों मांगों को सदन में उठाएंगे।

## द्रमुक सांसद ने लोकसभा में उठाया SC-ST आरक्षण का मुद्दा

# दलित आरक्षण को बचाएं : ए राजा

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा में डीएमके सांसद ए राजा ने मंगलवार को सरकार से दलित आरक्षण को बचाने का अनुरोध किया है। उन्होंने केंद्र सरकार से कहा है कि वह दलितों के अधिकारों की रक्षा के लिए कदम उठाएं। ए राजा ने अनुसूचित जाति- अनुसूचित जन जाति के लिए आरक्षण के वर्गीकरण संबंधी सुप्रीम कोर्ट की एक टिप्पणी से असहमति जताई जिसमें कोर्ट ने कहा था कि आरक्षण का लाभ सिर्फ पहली पीढ़ी तक ही सीमित होना चाहिए। राजा ने कहा, दलित लोगों में आशंका है कि सुप्रीम कोर्ट की इस टिप्पणी से उनके अधिकार छीन जाएंगे।



### यह कहा था SC ने

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया है कि राज्य सरकारों को एससी और एसटी कोटे में उपवर्गीकरण करने का अधिकार है। भारत के मुख्य न्यायधीश जस्टिस डी वाई चंद्रचूड सहित 7 जजों की पीठ ने यह भी कहा कि एससी-एसटी के कोटे में भी क्रीमी लेयर की पहचान कर उन्हें आरक्षण के दायरे से हटाने की जरूरत है।

### कांग्रेस-भाजपा जातिवादी मानसिकता वाले दल

इस बीच, बसपा नेता आकाश आनंद ने मंगलवार को लखनऊ में कहा कि भाजपा-कांग्रेस जब लाल किताब दिखाकर कहती है कि हम संविधान बचाने आए हैं, लेकिन ये लोग आपसे आपका हक छिनने का काम कर रहे हैं। एक तरफ भाजपा है, जिसके निशाने पर कांशीराम का आंदोलन है, दूसरी तरफ कांग्रेस है, जिसे हमेशा से बाबा साहेब से नफरत रही है। ये दोनों ही दल एक जातिवादी मानसिकता से चलते हैं।

## MVA के साथ सीटों के बंटवारे का विकल्प खुला पर गड़बड़ा सकते हैं समीकरण

# मुंबई की 36 सीटों पर चुनाव लड़ेगी आप

एजेंसी | मुंबई

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव को लेकर सियासत गरमाने लगी है। नवनिर्माण सेना (मनसे) के बाद आम आदमी पार्टी ने भी मुंबई की सभी 36 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है। आप की मुंबई इकाई अध्यक्ष प्रीति शर्मा मेनन ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह घोषणा की। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी ने राज्य के बाकी हिस्सों पर अभी कोई फैसला नहीं किया है। आप ने सोमवार को घोषणा की थी कि वह महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव अपने दम पर लड़ेगी और मुंबई की सभी 36 सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी। आप के इस फैसले से विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी के चुनावी समीकरणों को झटका लग सकता है। शर्मा ने भाजपा पर निशाना साधते हुए उसक महाराष्ट्र विरोधी पार्टी बताया और मुंबई के ढहते बुनियादी ढांचे के लिए इसे जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि आवास एक अनसुलझा मुद्दा बना हुआ है और झुग्गियां रहने लायक नहीं रह गई हैं।

### सीट शेयरिंग पर विकल्प खुले

शर्मा ने कहा कि हम हरियाणा में कांग्रेस के खिलाफ विधानसभा चुनाव लड़ेंगे और महाराष्ट्र में मुंबई में चुनाव मैदान में उतरने का भी फैसला किया है। शर्मा ने यह यह भी संकेत दिया कि पार्टी ने सीटों के बंटवारे का विकल्प अभी भी खुले रखे हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में फैसला केंद्रीय नेतृत्व करेगा। ज्ञात रहे कि लोकसभा चुनाव में राज्य में महाविकास आघाडी को आप और समाजवादी पार्टी जैसे दलों का सहयोग मिला था, लेकिन विधानसभा चुनाव में ये पार्टियां भी अपनी भागीदारी चाहती है। मुंबई की एक सीट पर सपा का कब्जा है। अब देखना है कि एमवीए अपने इन दलों को सीट देकर एडजस्ट करता है, या फिर ये दोनों दल विपक्षी गठबंधन की मुश्किल बढ़ाते हैं।

### यह रहे थे 2019 में नतीजे

मुंबई में वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में 36 में से 19 सीटों पर अविभाजित शिवसेना ने जीत हासिल की थी। 2019 में कांग्रेस ने 28 सीटों पर चुनाव लड़ा था, लेकिन पार्टी को सिर्फ 4 सीटों पर ही जीत मिली थी। एक सीट पर एनसीपी और एक सीट पर समाजवादी पार्टी जीती थी। बाकी की 11 सीटों पर बीजेपी को जीत मिली थी।

## तीन दिन के दौरे पर दिल्ली पहुंचे उद्धव ठाकरे

# 'इंडिया ब्लॉक' के नेताओं से होगी मंत्रणा, सीएम फेस पर लेंगे सहमति!

एजेंसी | नई दिल्ली/मुंबई

महाराष्ट्र में अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर मचे सियासी घमासान के बीच पूर्व मुख्यमंत्री व शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे मंगलवार को तीन दिवसीय दौरे पर दिल्ली पहुंचे। इस दौरान वे कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सपा प्रमुख अखिलेश सादव समेत विपक्षी गठबंधन इंडिया के अन्य नेताओं से मिलेंगे। हालांकि उनके इस दौरे पर सीएम एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना के प्रवक्ता संजय निरुपम सहित अन्य लोगों ने उंगली उठाई है और इसे मजबूरी का दौरा करार दिया है। लोकसभा चुनाव नतीजे के बाद पहली बार उद्धव ठाकरे दिल्ली आए हैं। आगामी विधानसभा चुनाव से पहले हो रहे दौरे पर सभी की नजरें टिकी है। सूत्रों के अनुसार राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि उद्धव ठाकरे की पार्टी चाहती हैं कि आगामी विधानसभा चुनाव में उद्धव ठाकरे को मुख्यमंत्री को चेहरा बनाया जाए जिसे शरद पवार ने पहले ही नकार दिया है। अब वे कांग्रेस नेता सोनिया और राहुल गांधी को मनाने के लिए दिल्ली गए हैं।

इस बीच उद्धव की पार्टी के नेता संजय राउत ने दिल्ली में पत्रकारों को कहा कि यह संवाद यात्रा है। तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी के नेता उनसे मुलाकात करेंगे। कांग्रेस के महाराष्ट्र प्रभारी रमेश चेन्निथला ठाकरे से चर्चा करेंगे। ज्ञात रहे कि इस साल की शुरुआत में हुए लोकसभा चुनाव में शिवसेना (यूबीटी) ने महाराष्ट्र की कुल 48 सीट में से नौ सीट जीती थीं, जबकि 'इंडिया' गठबंधन के घटक दल कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) ने क्रमशः 14 और आठ सीट पर जीत दर्ज की थी। महाराष्ट्र की 288 सदस्यीय विधानसभा में इस वर्ष अक्टूबर में चुनाव प्रस्तावित हैं।



### शिंदे-पवार की मुलाकात पर टिप्पणी से इनकार

हाल ही में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार के बीच हुई मुलाकात पर संजय राउत ने कहा कि वह दोनों नेताओं के बीच हुई बैठक पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि मैं यह नहीं कह सकता कि पवार की उनसे (मुख्यमंत्री) मुलाकात धारावी के लिए हुई थी, लेकिन धारावी के बारे में शिवसेना का रुख बहुत स्पष्ट है। यह 600 एकड़ जमीन है। वहां 8 लाख लोग रहते हैं और उन सभी को बिना किसी शर्त के फ्लैशिंग पुनर्वास योजनाएं मिलनी चाहिए। उन्हें उसी जगह पर बसाया जाना चाहिए। ज्ञात रहे कि 3 अगस्त को शरद पवार ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री शिंदे से मुलाकात की और मराठा आरक्षण सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की।

### शिवसेना (यूबीटी) को प्रकाश अंबेडकर की टिप्पणी चुभी

दूसरी ओर वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए) प्रमुख और संविधान निर्माता बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के पोते प्रकाश अंबेडकर की एक टिप्पणी को लेकर शिवसेना (यूबीटी) ने सवाल किया है। दरअसल, प्रकाश अंबेडकर ने अपनी आरक्षण बचाओ यात्रा के दौरान सोमवार को अमरावती में पत्रकारों से कहा था कि शिंदे सेना ही असली शिवसेना है क्योंकि उसका स्ट्राइक रेट उद्धव ठाकरे की शिवसेना से अच्छा है। उनकी इस टिप्पणी का जिक्र करते हुए शिवसेना(यूबीटी) नेता संजय राउत ने मंगलवार को नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के उत्तराधिकारी के रूप में प्रकाश अंबेडकर को उनकी विरासत का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर प्रकाश अंबेडकर को लगता है कि शिवसेना शिंदे की पार्टी है तो उन्हें कानूनों का बारीकी से अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अंबेडकर की पार्टी से ही रामदास अठावले की पार्टी जैसी अन्य पार्टी भी निकली है। ऐसे में अगर रामदास अठावले की पार्टी आरपीआई को ही असली पार्टी कहा जाए तो प्रकाश अंबेडकर को कितनी वेदना होगी?

## जरूरी खबर

### J&K: आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के बसंतगढ़ के खनेड़ इलाके में में एक बार फिर आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक यहां दो से तीन आंतकी फंसे हुए हैं। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है। यहां रुक-रुककर दोनों ओर से फायरिंग की आवाजें आ रही हैं। इससे एक दिन पहले ही अनंतनाग में सुरक्षाबलों ने तीन आतंकवादी मददगारों को गिरफ्तार किया था। इनसे हथियार और गोला-बारूद की बरामदगी हुई है। पकड़े गए आतंकी मददगारों की पहचान दाऊद अहमद डार, इम्तियाज अहमद रेशी और शाहिद अहमद डार के तौर पर हुई है। तीनों हसनपोरा तवेला के निवासी हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हसनपोरा तुलखान रोड पर संयुक्त नाके पर जांच के दौरान आतंकी मददगारों को हिरासत में लिया गया।

## राष्ट्रपति मुर्मू को फिजी का सर्वोच्च नागरिक सम्मान




**सुवा।** फिजी के राष्ट्रपति रातु विलियम मैवलिली काटोनिवेरे ने भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को फिजी के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया। मुर्मु फिजी की यात्रा पर हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने मंगलवार को फिजी के प्रधानमंत्री सितिवनी राबुका से भी मुलाकात की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने राष्ट्रपति को फिजी का सर्वोच्च नागरिक सम्मान मिलने पर बधाई दी। राष्ट्रपति मुर्मू ने एक कार्यक्रम के दौरान महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### LK आडवाणी अस्पताल में भर्ती हालत स्थिर



**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को मंगलवार को फिर यहां अपोलो अस्पताल में भर्ती किया गया है। हालांकि उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। आडवाणी को वृद्धावस्था संबंधी बीमारियों के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक सूत्र ने कहा, आडवाणी की हालत स्थिर है। मूत्रविज्ञान, हृदयरोग विज्ञान और जेरिएट्रिक मेडिसिन सहित विभिन्न विशेषज्ञ उनकी जांच की। इससे पहले पिछले महीने ही उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां कुछ दिन इलाज के छुट्टी दे गई थी। 96 वर्षीय आडवाणी पहले भी अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उससे कुछ दिन पहले उन्हें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ले जाया गया था। उन्हें एम्स में एक रात रखने के बाद छुट्टी दे दी गई थी।

## सर्वदलीय बैठक और संसद में सरकार ने दी बांग्लादेश के हालात की जानकारी

# हिंदुओं को बनाया निशाना... प्रतिष्ठानों व मंदिरों पर हमले, सरकार ने जताई चिंता

**एजेंसी** | नई दिल्ली

बांग्लादेश में तख्तापलट से फैली अराजक स्थिति के बीच पूर्व पीएम शेख हसीना के भारत में आने के एक दिन बाद मंगलवार को केंद्र सरकार ने इस मुद्दे पर राष्ट्रीय आम सहमति बनाने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई जिसमें विदेशमंत्री एस जयशंकर ने ताजा हालात से विपक्षी नेताओं को रूबरू कराया। बैठक में विपक्षी नेताओं की चिंताओं और सवालों पर सरकार ने उन्हें भरोसे में लिया। वहीं, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संसद के दोनों सदनों में दिए बयान में बयान में अल्पसंख्यकों, उनके व्यवसायों और मंदिरों पर हो रहे हमलों पर चिंता जताई।

उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में शासन से जुड़े लोगों की संपत्तियों को आग लगा दी गई। विशेष रूप से चिंताजनक बात यह थी कि अल्पसंख्यकों, उनके व्यवसायों और मंदिरों पर भी कई स्थानों पर हमला किया गया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में खासतौर पर हिंदू काराबोरियों को प्रदर्शन के दौरान निशाना बनाया गया है। सरकार बांग्लादेश के राजनीतिक घटनाक्रम पर निरंतर नजर रखे हुए है और जब तक वहां कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य नहीं हो जाती भारत की गहरी चिंता बनी रहेगी।

विदेश मंत्री ने कहा कि वहां (बांग्लादेश)से ऐसी रिपोर्ट आ रही हैं कि कई समूह और संगठन अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और सलामती के लिए कदम उठा रहे हैं। उन्होंने कहा, स्वाभाविक है कि जब तक वहां कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य नहीं हो जाती हमारी गहरी चिंता बनी रहेगी।

### विपक्ष का सरकार को समर्थन का भरोसा, पड़ोसी देश पर चिंता



#### 19 हजार भारतीय अभी भी फंसे हुए

जयशंकर ने कहा कि बांग्लादेश में अभी भी 19 हजार भारतीय नागरिक फंसे हुए हैं, जिनमें अधिकतर छात्र हैं। उनमें करीब नौ हजार छात्र हैं और इनमें से काफी छात्र जुलाई में स्वदेश आ गए थे। उन्होंने कहा कि सरकार सरकार अपने राजनयिक मिशनों के माध्यम से वहां रह रहे भारतीय नागरिकों से बराबर संपर्क बनाए हुए है।

#### सीमा पर असाधारण चौकसी के निर्देश

विदेश मंत्री ने बताया कि सीमाओं पर तैनात सुरक्षा बलों को बांग्लादेश की जटिल स्थिति को देखते हुए असाधारण रूप से चौकस रहने के निर्देश दिये गए हैं। उन्होंने कहा कि भारत पिछले 24 घंटों से ढाका में अधिकारियों के साथ संपर्क बनाये हुए है।

#### पीएम शेख हसीना ने मांगी थी भारत आने की अनुमति

विदेश मंत्री ने बताया कि हालात बिगड़े तो इस्तीफा देने के बाद वहां की पूर्व पीएम शेख हसीना ने संपर्क किया था। वह भारत आने का अनुरोध कर रही थीं। उन्हें सुरक्षित रास्ता दिया गया। इसके बाद वह भारत आई हैं। उन्होंने कहा कि साथ ही हमें बांग्लादेश के अधिकारियों से हवाई उडान की अनुमति का भी अनुरोध मिला और वे सोमवार शाम दिल्ली आ गई।

विदेश मंत्री ने कहा कि बांग्लादेश में चार अगस्त को स्थिति ने गंभीर मोड़ लिया और पुलिस थानों तथा सरकारी प्रतिष्ठानों पर हमले होने लगे जिसके बाद हिंसा ने व्यापक रूप ले लिया। उन्होंने कहा कि भारत और बांग्लादेश के संबंध विभिन्न सरकारों के कार्यकाल में दशकों से असाधारण रूप से प्रगाढ़ रहे हैं। बांग्लादेश में हिंसा और अस्थिरता को लेकर भारत में सभी दलों की चिंता समान है।

#### जुलाई से जारी है हिंसा

जयशंकर ने कहा कि बंगलादेश में इस वर्ष जनवरी में हुए चुनाव के बाद से तनाव बढ गया था और वहां की राजनीति में ध्रुवीकरण और विभाजन गहरा होने लगा था। इस पृष्ठभूमि में जून में शुरू हुए विद्यार्थियों के आंदोलन ने स्थिति को और गंभीर बना दिया। हिंसा की घटनाएं बढने लगी , सरकारी इमारतों पर हमले होने लगे , सड़क और रेल मार्गों पर बाधा पहुंचाई गई। यह हिंसा जुलाई में भी जारी रही। विदेश मंत्री ने स्पष्ट किया कि इस अवधि में हमने बराबर संयम बरतने की सलाह दी और आग्रह किया कि स्थिति को बातचीत से सामान्य किया जाए। हमने विभिन्न राजनीतिक शक्तियों से भी इसी तरह का आग्रह किया जिनके साथ हमारा संपर्क था। विदेश मंत्री ने कहा कि 21 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बावजूद सार्वजनिक प्रदर्शनों में कोई कमी नहीं आई। उसके बाद वहां की सरकार के फैसलों और कार्रवाईयों से स्थिति सुधरने के बजाय बिगड़ती गई और आंदोलन ऐसे मोड पर पहुंच गया जहां केवल एक ही मांग रही गई थी कि प्रधानमंत्री हसीना इस्तीफा दें।

### सर्वदलीय बैठक में बोले विदेश मंत्री

#### सदमे में शेख हसीना, उबरने के लिए दिया समय



जयशंकर ने मंगलवार को एक सर्वदलीय बैठक में नेताओं को सूचित किया कि भारत ने बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को मदद का भरोसा दिलाते हुए उन्हें भविष्य की रणनीति तय करने के लिए समय दिया है। सर्वदलीय बैठक में जयशंकर ने कहा कि हसीना को भारत आए चौबीस घंटे भी नहीं बीते हैं और वह सदमे में हैं। सूत्रों के मुताबिक, जयशंकर ने कहा कि सरकार हसीना को सदमे से उबरने के लिए समय दे रही है और इसके बाद वह उनकी भविष्य की योजनाओं सहित अन्य मुद्दों पर उनसे बात करेगी।

#### विपक्ष ने दिया सहयोग का भरोसा

सूत्रों के अनुसार, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत विभिन्न विपक्षी नेताओं ने इस मुद्दे पर सरकार को पूर्ण सहयोग देने की बात कही। वाईएसआर कांग्रेस नेता वी विजयसाई रेड्डी ने कहा कि उनकी पार्टी देश हित में सरकार के साथ है।

#### राहुल ने पूछा क्या अराजकता के पीछे है विदेशी हाथ! जयशंकर बोले- इनकार नहीं

सूत्रों ने बताया कि सर्वदलीय बैठक में राहुल ने पूछा कि क्या बांग्लादेश में अराजकता को बढ़ावा देने में विदेशी सरकारों का हाथ हो सकता है। सूत्रों के अनुसार, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित अन्य नेताओं के सवालों के जवाब देते हुए विदेश मंत्री ने विदेशी सरकारों की भूमिका से इनकार नहीं किया।

#### BSF महानिदेशक ने भारत-बांग्लादेश सीमा का किया दौरा, तैयारियों की समीक्षा की

पड़ोसी देश बांग्लादेश में जारी उथल-पुथल के बीच बीएसएफ के महानिदेशक ने बल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उत्तर 24 परगना जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात आईसीपी पेट्रापोल और 68वीं बटालियन के अत्यधिक संवेदनशील सीमा चौकी राणाघाट का दौरा किया। इस दौरान अधिकारियों ने तैयारियों को जायजा लिया। बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी के मुताबित मंगलवार को बीएसएफ के महानिदेशक, आईपीएस दलजीत सिंह चौधरी ने पूर्वी कमान के अतिरिक्त महानिदेशक, आईपीएस रवि गांधी और महानिरीक्षक, दक्षिण बंगाल फ्रंटियर आईपीएस मनिंदर प्रताप सिंह दौरा किया।

## बांग्लादेश की संसद भंग

# नए सिरे से होंगे चुनाव या होगा कोई 'खेला'!

**एजेंसी** | नई दिल्ली




बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के बीच मंगलवार को संसद भंग कर दी। बंगभवन (राष्ट्रपति भवन) के प्रवक्ता ने बताया कि राष्ट्रपति ने शासकीय आदेश के तहत जातीय संसद को भंग कर दिया है। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी बयान में कहा गया, संसद को भंग करने का निर्णय सशस्त्र बलों के तीनों प्रमुखों, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, नागरिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों और आंदोलन कर रहे छात्रों के नेताओं के साथ राष्ट्रपति की चर्चा के बाद लिया गया। सूत्रों के अनुसार संसद को भंग करने के राष्ट्रपति के कदम से देश में नए सिरे से आम चुनाव कराने का रास्ता साफ कर दिया है।

ज्ञात है क शेख हसीना के पीएम पद से इस्तीफे के बाद बांग्लादेश की कमान सेना के हाथों में है। सेना ने ऐलान किया है कि अंतरिम सरकार का गठन किया जाएगा। प्रदर्शनकारी छात्रों ने नोबेल विजेता मोहम्मद युनुस को सरकार का सलाहकार बनाने की मांग की है।

## छात्र नेताओं की अपील का असर

# मैं अंतरिम सरकार के नेतृत्व को तैयार: मुहम्मद यूनुस

**एजेंसी** | नई दिल्ली



नोबेल विजेता मुहम्मद यूनुस ने मंगलवार को कहा कि वह बांग्लादेश में अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं। यूनुस ने एक लिखित बयान में कहा, मैं प्रदर्शनकारियों के मुझ पर दिखाए गए भरोसे से सम्मानित महसूस कर रहा हूं। वे चाहते हैं कि मैं अंतरिम सरकार का नेतृत्व करूं। मुहम्मद यूनुस को बांग्लादेश में 'ग्रामीणों का बैंकर' कहा जाता है। 84 वर्षीय नोबेल पुरस्कार विजेता ने कहा, अगर बांग्लादेश में किसी भी कार्रवाई की जरूरत है, तो मैं मेरे देश के लिए और मेरे लोगों के लिए ऐसा करूंगा। उन्होंने स्वतंत्र चुनाव का भी आह्वान किया। बंगलादेश के छात्र संगठन नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. मुहम्मद यूनुस को अंतरिम सरकार का सलाहकार बनाने की वकालत कर रहे थे। छात्र संगठन के मुख्य प्रवक्ताओं में से एक नाहिद इस्लाम ने मंगलवार की सुबह अपने वीडियो संदेश में भी उनसे अपील की थी। अब फिलहाल उन्होंने प्रदर्शनकारियों की बात मान ली है। मुहम्मद यूनुस ने कहा,अंतरिम सरकार तो बस शुरुआत है। स्थायी शांति केवल स्वतंत्र चुनावों से ही आएगी। बिना चुनावों के कोई बदलाव नहीं होगा। 'सबसे गरीब लोगों के बैंक' के रूप में पहचाने जाने वाले यूनुस को ग्रामीण महिलाओं को छोटी-छोटी नकद राशि उधार देने के लिए 2006 में शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

## सीजेआई ने वकील को लगाई फटकार

# एक दिन मेरी सीट पर बैठकर देखें, जान बचाकर भागेंगे

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को शिवसेना और एनसीपी विधायकों की अयोग्यता से जुड़े मामले की सुनवाई थी। देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ इसकी सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान अजित पवार गुट ने मामले में अपना जवाब दाखिल करने के लिए और वक्त मांग की। हालांकि, चीफ जस्टिस ने उनकी मांग मान ली और दो हफ्ते के लिए सुनवाई टाल दी लेकिन इस दौरान उद्धव गुट की तरफ से मामले की पैरवी कर रहे वकील ने कुछ ऐसा कहा कि सीजेआई ने हैरान करने वाला जवाब दिया।

दरअसल, हुआ यह कि सीजेआई चंद्रचूड़ के साथ जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ महाराष्ट्र के इस राजनीतिक विवादों से संबंधित दो अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई के लिए अगली तारीख देने पर चर्चा कर रहे थे, तभी उद्धव ठाकरे गुट की पैरवी कर रहे वकील ने सीजेआई से कहा कि अगले हफ्ते तारीख दे दीजिए। इतना कहकर वकील अगले हफ्ते की तारीख के लिए अड़ गया। सीजेआई कुछ कहते, इससे पहले वकील ने फिर कहा, इसे अगले हफ्ते सूचीबद्ध किया जा सकता है।



वकील की बिन मांगी सलाह और अड़ियल रुख पर सीजेआई चंद्रचूड़ झल्ला गए। उन्होंने कहा, कृपया अदालत को आदेश मत दीजिए। क्या आप जानते हैं कोर्ट पर कितना दबाव है? एक दिन आप यहां आकर बैठिए, जहां मैं बैठा हूं। आपको आश्वस्त कर सकता हूं कि तब आप अपनी जान बचाने के लिए भागेंगे!

ज्ञात रहे कि उद्धव ठाकरे गुट ने महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना को असली राजनीतिक दल घोषित किया था। जून 2022 में उद्धव ठाकरे की पार्टी शिवसेना में फूट पड़ गई थी और एकनाथ शिंदे ने कुछ विधायकों को लेकर भाजपा के साथ मिलकर राज्य में नई सरकार बना ली थी। शिंदे ने तब अपने गुट को ही असली शिवसेना होने का दावा किया था। महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर ने भी उसे ही असली शिवसेना का दर्जा दिया था, जिसके खिलाफ उद्धव गुट सुप्रीम कोर्ट पहुंची है। इसी तरह एनसीपी का भी मामला है। अजित पवार गुट ने शरद पवार के खिलाफ विद्रोह कर पार्टी को असली एनसीपी बताया था। उसे भी स्पीकर ने असली एनसीपी का दर्जा दिया था।

# हज नीति घोषित: 70:30 के अनुपात में कोटा तय

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने साल 2025 के लिए हज नीति जारी कर दी है। इसके मुताबिक, भारतीय हज समिति का कोटा अब घटा कर 70 प्रतिशत कर दिया गया है। नई नीति के मुताबिक, भारत को आवंटित कुल हज यात्रियों के कोटे में से 70 प्रतिशत को भारतीय हज समिति द्वारा संभाला जाएगा। वहीं, शेष 30 प्रतिशत कोटा निजी हज समूह आयोजकों को दिया जाएगा। बता दें कि बीते साल के लिए हज नीति में यह कोटा 80-20 का था।

गौरतलब है कि 2024 के लिए हज नीति में वरीयता का क्रम 70 वर्ष से अधिक के आवेदकों, बिना मेहरम (एलडब्ल्यूएम) के यात्रा करने वाली महिलाओं और सामान्य श्रेणी का था। अब 2025 के लिए जारी नई नीति में प्राथमिकता का क्रम 65 से अधिक आवेदकों, बिना मेहरम वाली महिलाओं और फिर सामान्य श्रेणी कर दिया गया है। 2024 में भारत के हज यात्रियों का कोटा 1,75,025 था। अल्पसंख्यक मंत्रालय की तरफ से जारी नई नीति के मुताबिक, हज पर जाने की ख्वाहिश रखने वाले 65 वर्ष या इससे ऊपर के आवेदक अब अकेले हज पर नही जा सकेंगे। उन्हें अपने साथ एक रिश्तेदार को मददगार के तौर पर ले जाना जरूरी होगा। वहीं, बगैर मेहरम कैटेगरी की 65 वर्ष या इससे ऊपर की महिलाओं को भी अपने साथ एक महिला सहयोगी को ले जाना अनिवार्य किया गया है।

## जयपुर टाइगर फेस्टिवल: टाइगर फोटो एग्जीबिशन अवॉर्ड पाकर खिले चेहरे

# अगले साल ग्रीन बजट जारी करने वाला पहला प्रदेश बन जाएगा अपना राजस्थान

### नारायण मालू को प्रथम पुरस्कार, मैनाक राय को द्वितीय और मुजफ्फर शेख और गौरव दाधीच को तृतीय पुरस्कार

बेधड़क | जयपुर

बेहतरीन फोटोग्राफर्स को उनकी अद्वितीय तस्वीरों और बाघ संरक्षण क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य करने वाली हस्तियों को सम्मानित किया गया। मौका था जयपुर टाइगर फेस्टिवल की टाइगर फोटो एग्जीबिशन की अवॉर्ड सेरेमनी का, जो मंगलवार को जेएलएन मार्ग स्थित होटल क्लार्क्स आमेर में आयोजित गई। इस समारोह में इंटरनेशनल टाइगर डे के उपलक्ष्य में राजस्थान हेरिटेज, आर्ट एंड कल्चरल फाउंडेशन द्वारा जवाहर कला केन्द्र में छठे जयपुर टाइगर फेस्टिवल (जेटीएफ) का आयोजन 27 से 30 जुलाई को किया गया था। अवॉर्ड सेरेमनी में मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी रहीं। स्पेशल गेस्ट पूर्व आईएएस पवन अरोड़ा और हेल्प इन सफरिंग की ट्रस्टी टिम्मी कुमार, जेटीएफ प्रेसिडेंट संजय खवाड़, फाउंडर पेट्रन धीरेन्द्र के गोधा, सचिव आनंद अग्रवाल भी मौजूद रहे।

प्रथम रहे नारायण मालू को 51 हजार, द्वितीय रहे मैनाक राय को 31 हजार तथा तृतीय स्थान पर रहे मुजफ्फर शेख और गौरव दाधीच को 21 हजार रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। 13 लोगों को कॉन्सोलेशन या मोटिवेशनल प्राइज के तहत 5100 रु. का नकद पुरस्कार दिया गया। इनमें ऐकम सिंह, अजय कुमार प्रजापत, अजय पारीख, अमित कुमार शर्मा, अशोक बेहेरा, मनीष बारहठ, मानसी स्मार्ट, रिधा नारायण, रविंद्र जैन, व्लादिमीर व्लादिमीर चेक जूनियर, शिव पालीवाल, कृष गोयल, सानंदा पुरोहित शामिल है। इसी के साथ बाघ संरक्षण क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य करने वाली हस्तियों को भी सम्मानित किया गया। इनमें सरिस्का टाइगर रिजर्व से हीरा लाल बलाई, शिवपाल सैनी और रणथम्भौर टाइगर रिजर्व से सहायक वनपाल सीमा मीणा व वन रक्षक खेम सिंह को 25-25 हजार रु. का नकद पुरस्कार दिया गया। साथ ही प्रदेश में वन्यजीवों खासकर बाघों व लेपर्ड्स के रेस्क्यू व चिकित्सा में दशकों से उल्लेखनीय कार्य करने पर वरिष्ठ वन्यजीव चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अरविन्द माथुर व डॉक्टर राजीव गर्ग को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।







### वन्यजीवों के संरक्षण के मामले में भारत नंबर 1

मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कार्यक्रम में बाघ संरक्षण और जेटीएफ की सराहना करते हुए कहा कि बाघ संरक्षण के प्रति यह कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में बाघों व अन्य वन्यजीवों के संरक्षण के मामले में भारत नंबर 1 है ये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विज़न के कारण है, नरेंद्र मोदी ग्लोबल लीडर है जिनकी बात वैश्विक मंच पर मजबूती से मांजी जाती है। हरियाली तीज से प्रदेश में एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की जा रही है, इस वर्ष के बजट में भी ग्रीन ग्रोथ का प्रावधान किया गया है, अगले वर्ष राजस्थान ग्रीन बजट जारी करने वाला पहला प्रदेश बन जाएगा। सरकार और वन्य जीव संरक्षकों के सहयोग से इस कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्तर पर भी आयोजित किया जाना चाहिए।

### रिपीट टूरिज्म को बढ़ावा मिले

पूर्व आईएएस पवन अरोड़ा ने कहा कि आगे कहा कि वाइल्डलाइफ टूरिज्म से रिपीट टूरिज्म को बढ़ावा मिले और वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर्स के लिए रियायती दर और छूट मिलनी चाहिए। संस्था के प्रेसिडेंट संजय खवाड़ ने बताया कि एग्जीबिशन की फोटोज में से सर्वश्रेष्ठ फोटोग्राफ्स का चयन अंतरराष्ट्रीय जूरी द्वारा किया गया है। इनमें प्रसिद्ध वाइल्डलाइफ फिल्म मेकर एस. नल्लामुथु, दिनेश कुंबले, माइकल विकर्स और धृतिमान मुखर्जी शामिल हैं। सचिव आनंद अग्रवाल ने बताया कि अलंकार गैलरी में आयोजित इस कार्यक्रम में देश-दुनिया के वाइल्डलाइफ प्रेमियों और फोटोग्राफर्स की 200 से अधिक फोटोज की प्रदर्शनी लगाई गई थी। जेटीएफ के फाउंडर पेट्रन धीरेन्द्र के गोधा ने बताया कि प्रदर्शनी से न केवल बाघों के जीवन और जंगल को करीब से देखने का मौका मिला बल्कि चर्चा सत्रों में जीव संरक्षण की सीख भी प्राप्त हुई।

## घूमर-लहरिया पर दी जोरदार प्रस्तुति

# वुमंस ने तीज का महत्व बताया और सिंजारा भरा



**बेधड़क. जयपुर।** परंपरा की बात आई तो महिलाओं ने संस्कार भी दर्शाए और एंजॉय किया। ये थीं जवाहर सर्किल स्थित टांक वुमंस की सिंजारा मनाने वाली महिलाएं, जिन्होंने सामूहिक कार्यक्रम में तीज त्योहार का महत्व बताया। साथ ही महिलाओं ने ग्रुप में घूमर, लहरिया सहित कई गीतों में सामूहिक और नई दुल्हनों का सिंजारा मनाया। इस दौरान सभी महिलाओं ने सिंजारा भरा। विमेंस ने ढोलक कर घूमर नृत्य किया। मंजुला टांक ने बताया कि तीज त्योहार आम जन में प्रेम, प्यार, सद्भावना और भाईचारा के रंग भरता है। अंजना टांक, ममता, रश्मि, कोमल, आस्था, शालू, मुस्कान, शिप्रा, अनुष्का, प्रियंका इस मौके पर मौजूद रहीं। कार्यक्रम में महिलाओं ने झूला झूलते हुए तीज व सावन के गीत गाए। लेडीज ने कार्यक्रम में मेहंदी लगाते हुए देश की परंपरा को जीवंत किया। कार्यक्रम के दौरान युवा महिलाएं सावन के गीतों पर जमकर थिरकती नजर आईं। खेल-खेल में प्रतिभागियों ने अपने हुनर का प्रदर्शन भी किया, जिसे देखकर हर कोई रोमांचित हो उठा।

## शिवलिंगार्चन पोस्टर का विमोचन



**बेधड़क. जयपुर।** अष्टोत्तर शत पार्थिव शिवलिंगार्चन और बालीदास जी की चादरपोशी 17 अगस्त को होगी। कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन मंगलवार को हवामहल के विधायक बालमुकुंदाचार्य द्वारा किया गया। इस अवसर पर आयोजक संस्था किष्किंधा धाम बालाजी सेवा समिति की महिला अध्यक्ष मीनू शर्मा ने बताया कि विद्याधर नगर स्थित मंदिर में आयोजित इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी रहेंगी। पोस्टर विमोचन के मौके पर संस्था के उपाध्यक्ष तरुण शर्मा, बाली महाराज एवं कमल निश्रा सहित अन्य कार्यकता भी मौजूद थे।

# City इवेंट्स

## पवित्र जल से होगा शिव का महाभिषेक



**बेधड़क. जयपुर।** सोडाला नंदपुरी स्थित श्रीसिद्धेश्वर महादेव हनुमान मंदिर में 12 अगस्त को हरिद्वार से लाए जा रहे गंगाजल, तीर्थों के जल और दिव्य औषधियों से महाशिव अभिषेक और आराधना का आयोजन होगा। मुख्य आयोजक पंकज ओझा व गब्बर कटारा ने बताया कि कार्यक्रम अवधेश दास महाराज के सानिध्य में सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर स्वेज फॉर्म सोडाला में सुबह 5 से दोपहर 2 बजे तक होगा। सुबह 5 बजे भगवान शिव आरती व मंत्रोच्चार के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी।

## जैन मंदिरों में हुए धार्मिक आयोजन



**बेधड़क. जयपुर।** जैन धर्म के 5वें तीर्थंकर भगवान सुमतिनाथ का गर्भ कल्याणक दिवस मनाया गया। इस मौके पर राजधानी सहित आसपास के दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा अर्चना के आयोजन हुए। राजस्थान जैन सभा जयपुर के मंत्री विनोद जैन ने बताया कि दिगम्बर जैन मंदिरों में भगवान सुमतिनाथ के मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक, शांतिधारा के बाद विशेष पूजा की गई। पूजा के मध्य भगवान सुमतिनाथ के गर्भ कल्याणक श्लोक का उच्चारण करते हुए जयकारों के साथ गर्भ कल्याणक अर्घ्य चढ़ाया गया।

## विजय को इन्स्पायरिंग बिजनेस अवॉर्ड



**बेधड़क. जयपुर।** थाईलेंड में सियाम बेस्योर होटल में वाधवान ग्रुप और नोसतोस क्रिएशन के संयुक्त तत्वावधान में इन्सपायरिंग बिजनेस अवॉर्ड का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रियल एस्टेट कम्पनी जयपुर होम्स के संस्थापक विजय स्वामी को इन्स्पायरिंग बिजनेस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। जयपुर की पीहू जैन को भी क्रिएटिव आर्ट मैनेजमेंट का अवॉर्ड दिया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर डॉ. ली कैट योन्ग , डॉ. एफेंडी हेनसेन, लेन हॉवर्ड एवं एडवोकेट रोहित पांडे सहित कई लोग उपस्थित रहे। आयोजन समिति की ओर से कमल वाधवान, मनीष गुप्ता और देवेश पंवार उपस्थित रहे।

## आर्मी वाइव्स को डिजिटल सशक्त बनाने की पहल

# युवा पीढ़ी और महिलाओं के सशक्तीकरण पर विशेष जोर



बेधड़क | जयपुर

आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन और सक्षम संचार फाउंडेशन ने आवा सदस्यों को सशक्त बनाने के लिए सप्तशक्ति ऑडिटोरियम, जयपुर मिलिट्री स्टेशन में एक नवाचार का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आवा सदस्यों को पत्रकारिता के क्षेत्र में सशक्त बनाना और आर्मी वाइव्स को वर्तमान डिजिटल तकनीक के माध्यम से प्रशिक्षित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। इस पहल के तहत आर्मी पब्लिक स्कूल में 50 छात्रों को पहले ही इनोवेटिव जर्नलिज्म का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्रों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए कहानियां लिखना शुरू कर दिया है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्रों ने इस कार्यक्रम को लेकर अपना उत्साह व्यक्त किया। भावेश नामक एक छात्र ने कहा कि मैंने खुद के ब्लॉग लिखना शुरू कर दिए हैं, जिन्हें अच्छा कोलैबोरेशन ऑफर मिल रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन आर्मी पब्लिक स्कूल की छात्र महिमा राठौड़ ने किया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के बाद मैंने कई नई चीजें सीखी हैं, जिससे अब मेरे यूट्यूब चैनल पर 82000 फॉलोवर्स है। सक्षम संचार फाउंडेशन की सदस्य डिंपल अरोड़ा कहा कि आवा और सक्षम संचार फाउंडेशन का यह संयुक्त प्रयास भविष्य की संभावनाओं को देखते हुए किया गया है।

## माथुर चतुर्वेदी समाज का सावन तीज महोत्सव

# सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान



बेधड़क | जयपुर

मालवीय नगर स्थित पाथेय भवन सभागार में माथुर चतुर्वेदी महा परिषद जयपुर जिला इकाई की ओर से चतुर्वेदी समाज का सावन तीज महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में समाज के 101 वर्षीय वयोवृद्ध श्रीहरे कृष्ण चतुर्वेदी उर्फ हारूजी का नागरिक अभिनंदन किया गया।

इस दौरान महापरिषद के प्रांतीय अधिवेशन एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी की मीटिंग के ब्रोशर का विमोचन भी किया गया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सभापति नीरज चतुर्वेदी ने बताया कि 13 और 14 सितंबर को जयपुर में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की मीटिंग और प्रांतीय अधिवेशन होगा। प्रदेश अध्यक्ष हृदयेश चतुर्वेदी, महामंत्री पियूषपाणी चतुर्वेदी और जयपुर जिला संरक्षक पंकज चतुर्वेदी ने एक जुटता के साथ काम करने की अपील की। कार्यक्रम में डॉ. केयूर चतुर्वेदी के सहयोग से समाज के प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित भी किया गया। राष्ट्रीय महिला परिषद महामंत्री अमृता चतुर्वेदी, उपसभापति श्वेता चतुर्वेदी, राष्ट्रीय कार्यकारिणी की संयुक्त सचिव अर्चना का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष योगेंद्र चतुर्वेदी, रमाकांत चतुर्वेदी मौजूद रहे। जयपुर जिला अध्यक्ष अल्केश चतुर्वेदी ने आभार प्रकट किया। संचालन जयपुर जिला उपाध्यक्ष सुनील चतुर्वेदी और राष्ट्रीय महिला परिषद विधि प्रकोष्ठ भानु चतुर्वेदी ने किया।

**पार्श्व पुराण** पार्श्वनाथ की कथा में उमड़े श्रद्धालु

# पुण्य फलता है तो सब अपने आप प्राप्त हो जाता है

बेधड़क | जयपुर

आचार्य विद्यासागर के प्रभावक शिष्य अर्हम योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर ने जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ के चार भव पूर्व के वृतांत में चक्रवर्ती की महिमा बताते हुए कहा कि उसके पास चक्र-दण्ड-चम-चूडामणी आदि 7 निर्जीव व 7 सजीव रत्न होते हैं।

यह सब पूर्व भव में संचित पुण्य के कारण होता है। जब पुण्य फलता है तो हमें सब अपने-आप प्राप्त हो जाता है और वह स्थिर रहता है। लौकिक संसार में जिन्हें हम सुख कहते हैं वह क्षणिक सुख है उसमें स्थिरता नहीं होती है।

मुनि कवि भूधरदास द्वारा विरचित पार्श्वनाथ पुराण का वाचन कर रहे थे। मुनि ने कहा कि हमें रीझने की जरुरत नहीं अपितु सीझने की जरुरत होनी चाहिए। जो आपको रिझाए उसके पास जाने की जगह जो आपको सिझाए या उसका ज्ञान दे, उनकी शरण में जाना चाहिए। अहिंसा-संयम-तप जिनके पास है, उन्हें देवता नमस्कार करते हैं।



### पात्रों ने सजीव अभिनय कर मन मोहा

मनीष-रचना चौधरी व संगीतकार नरेन्द्र जैन के निर्देशन में आचार्य विद्यासागर की संगीतमय पूजा की गई। आचार्य समय सागर महाराज व मुनि प्रणम्य सागर महाराज का अर्घ्य चढ़ाया गया। समाजश्रेष्ठी राज कुमार-विमला देवी, ऋषभ, राकेश, जिनेन्द्र, अक्षत, पुलक, सलौनी, नमो, परी, प्रशांत बाकलीवाल परिवार द्वारा संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर व आचार्य समय सागर महाराज के चित्र का जयकारों के बीच अनावरण किया गया।

### पाद पक्षालन कर शास्त्र भेंट किए

मुनि प्रणम्य सागर महाराज के पाद पक्षालन व शास्त्र भेंट करने का पुण्यार्जन किया। अध्यक्ष सुशील पहाड़िया व मंत्री राजेन्द्र सेठी ने बताया कि इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में रामगढ़ अलवर के पूर्व विधायक ज्ञान देव आहूजा व सिंगोली नगरपालिका अध्यक्ष सुरेश जैन, दिगम्बर जैन महासमिति के राजस्थान अंचल अध्यक्ष सेवानिवृत्त आईपीएस अनिल जैन, नंद किशोर पहाड़िया, उत्तम चन्द पाटनी, शीतल कटारिया आदि ने मुनिश्री को श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद लिया।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, बुधवार, 07 अगस्त, 2024



दुख अनिवार्य है, पीड़ा वैकल्पिक है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## इजराइल से युद्ध का डर, ईरान की उड़ी नींद

# रूस से मांगा महाशक्तिशाली S-400 एयर डिफेंस सिस्टम









**एजेंसी** | तेहरान/वाशिंगटन

इजराइल और ईरान के बीच सीधी जंग की संभावना के बीच तेहरान ने मॉस्को से महाशक्तिशाली एयर डिफेंस और रडार सिस्टम की मांग की है। माना जा रहा है कि यह एस-400 है, जिसे दुनिया का शक्तिशाली एयर डिफेंस सिस्टम माना जाता है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (IRGC) के अधिकारियों के हवाले से ये जानकारी दी है। ईरानी मीडिया ने बताया ईरान ने सोमवार को रूसी सुरक्षा परिषद के सचिव सर्गेई शोइगु की यात्रा के बाद रक्षा प्रणालियों का अनुरोध किया था। इस दौरान शोइगु ने कहा कि हम विभिन्न क्षेत्रों में ईरान के साथ पूर्ण सहयोग करने के लिए तैयार हैं। ईरान ने पिछले सप्ताह तेहरान में हमास के राजनीतिक प्रमुख इस्माइल हानिया की हत्या के बाद इजरायल के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने की धमकी दी है।

इजराइली मीडिया आउटलेड वाईनेट ने अपनी रिपोर्ट में सुरक्षा और खुफिया मामलों पर परामर्श देने वाली एक संस्था के अधिकारी ने हवाले से बताया है कि रूस खुद आर्थिक मुश्किल से जूझ रहा है। उसके इजराइल के साथ आर्थिक और सांस्कृतिक संबंध हैं, फिर भी मास्को ईरान की मदद के अनुरोध को अस्वीकार नहीं कर सकता। इसकी वजह यूक्रेन युद्ध है, जहां रूस ईरानी ड्रोनों पर बहुत अधिक निर्भर है।

### ईरान की मदद रूस की मजबूरी

अप्रैल में ईरानी हमले के बाद पश्चिम के कई नेताओं ने इजराइल को समर्थन देने की घोषणा की थी, लेकिन रूस ने तब ईरान का साथ दिया था और इसे सही ठहराया था। पश्चिम के खुफिया अधिकारियों का कहना है कि मॉस्को-तेहरान संबंध यूक्रेन में रूसी आक्रमण की प्रगति और ईरानी हथियारों पर रूसी निर्भरता के कारण गहरा रहे हैं। ईरान ने ऐसे समय में एस-400 की मांग की है, जब वह इजराइल पर हमले की तैयारी कर रहा है। इजराइल ने भी ईरान को धमकी दी है कि अगर तेहरान से कोई हमला हुआ तो बहुत भारी कीमत चुकानी होगी।

### पुतिन के करीबी शोइगु कर चुके ईरान का दौरा

ईरान की इजराइल पर धमकी के बीच रूसी सुरक्षा परिषद के सचिव सर्गेई शोइगु ने ईरान का दौरा किया। शोइगु ने राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन और शीर्ष अधिकारियों के साथ बातचीत की है। शोइगु 2012 से रूस के रक्षा मंत्री थे। पुतिन के सबसे करीबियों में से एक शोइगु को इसी साल मई में रूस की सुरक्षा परिषद का सचिव बना दिया था। रूस से एस-400 हासिल करने के बाद इजराइल के लिए ईरान के खिलाफ अभियान चलाना मुश्किल होगा। एस-400 की गिनती दुनिया के शक्तिशाली एयरडिफेंस सिस्टम में होती है। भारत के पास भी यह प्रणाली है।

### ईरानी सेना की हुई ड्रिल, दावा- हमला करने जा रहा है ईरान

हमास नेता इस्माइल हानियेह की तेहरान में हत्या के बाद ईरान और इजराइल के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। अब जानकारी आ रही है कि ईरानी सेना ने ड्रील शुरू कर दी है और उन्होंने मिसाइल लॉन्चर की मूवमेंट भी शुरू कर दी है। इससे अमेरिकी अधिकारियों के एहसास हो रहा है कि तेहरान आने वाले दिनों में हमले की तैयारी कर रहा है।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि बीते हफ्ते के बाद से अमेरिकी अधिकारियों ने ईरान के मिसाइल लॉन्चर मूवमेंट और सेना द्वारा किए जा रहे युद्धाभ्यास की निगरानी की है, जिससे साफ संकेत मिल रहे हैं कि तेहरान आने वाले दिनों में हमले की तैयारी कर रहा है।

### भारत सहित कई देश अपने नागरिकों को जारी कर चुके हैं एडवाइजरी

हमास नेता की हत्या से इस क्षेत्र में बढ़ी अस्थिरता के बीच कई देशों ने अपने नागरिकों को ईरान, इजराइल और लेबनान छोड़ने की सलाह दी है। भारत ने अपने नागरिकों को लेबनान की यात्रा न करने की सख्त सलाह दी है। इंडियन एयरलाइंस ने तेल अवीव के लिए अपनी उड़ानें 8 अगस्त 2024 तक निलंबित कर दी हैं।

### ईरान बना चुका मन

ईरान के इस कदम से संकेत मिल रहे हैं कि वह हमास नेता इस्माइल हानियेह की हत्या के लिए इजराइल के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने का मन बना चुका है। वहीं, सोमवार की रिपोर्ट में बताया गया, बाइडेन प्रशासन के अधिकारी इस बात से भी चिंतित हैं कि इस बार इजराइली सुरक्षा को कमजोर करने की कोशिश में हिजबुल्लाह, लेबनानी मिलिशिया और तेहरान एक अन्य प्रतिनिधियों के हमलों के साथ ईरानी हमला भी हो सकता है। हानियेह की हत्या के बाद ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने तीन दिनों के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की थी और इजराइल को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। ईरानी हमले की आशंका के बीच अमेरिकी सेना स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही है।

## ब्रिटेन: जिस देश में पहले पहुंचीं, वहीं शरण लें...

# UK से हसीना को झटका

**एजेंसी** | लंदन/नई दिल्ली

बांग्लादेश की रविवार तक प्रधानमंत्री रहीं शेख हसीना अब शरण की मोहताज हो गई हैं। वह 5 अगस्त को पीएम पद से इस्तीफा देकर भारत आ गई थीं और फिलहाल यहीं हैं। कहा जा रहा है कि वह ब्रिटेन में शरण लेना चाहती हैं, जहां उनकी बहन और बेटे रहते हैं। लेकिन इस बीच ब्रिटेन से शरण की उम्मीद लगाए शेख हसीना को झटका लगा है।

ब्रिटेन ने एक भारतीय टीवी चैनल से बातचीत में कहा कि हमारे इमिग्रेशन रूल्स किसी व्यक्ति को शरण के लिए आने या फिर अस्थायी तौर पर रहने की परमिशन नहीं देते। ब्रिटिश गृह मंत्रालय ने यह भी कहा कि इस तरह की शरण तो किसी को भी उस देश में ही मांगनी चाहिए, जहां वह सबसे पहले सुरक्षित पहुंचा हो। इस तरह ब्रिटेन ने एक तरह से शेख हसीना को भारत में ही शरण मांगने का सुझाव दिया है। सर कीर स्टार्मर के नेतृत्व वाले ब्रिटेन से विकल्प खारिज होने की सूरत में शेख हसीना को अब किसी नए विकल्प पर विचार करना होगा। उधर, ढाका में पूर्व आईटी मंत्री जुनैद अहमद पलक को हवाई अड्डे पर हिरासत में लिया गया।



### शेख हसीना अब जाएं तो जाएं कहां

यदि शेख हसीना को ब्रिटेन में शरण नहीं मिलती है तो उन्हें किसी और देश का रुख करना होगा। इसके अलावा तब तक भारत में ही रहना होगा। सूत्रों का कहना है कि भारतीय एजेंसियां भी चाहती हैं कि शेख हसीना यहां ज्यादा दिन न रहें। ऐसा इसलिए क्योंकि उनके यहां ठहरने से बांग्लादेश में भारत के खिलाफ माहौल बन सकता है। भारत के लिए बांग्लादेश से अच्छे संबंध रखना जरूरी है क्योंकि पाकिस्तानी एजेंसियां वहां हावी हो सकती हैं।

### अवामी लीग नेता के होटल को फूंका... 24 जिंदा जले

बांग्लादेश में आवामी लीग पार्टी के एक नेता के होटल पर भीड़ ने धावा बोल दिया। इस दौरान उपद्रवियों ने होटल को आग के हवाले कर दिया। जानकारी के मुताबिक, आगजनी में एक इंडोनेशियाई नागरिक सहित कम से कम 24 लोगों को जिंदा जल गए। इस बीच, बांग्लादेशी मीडिया का कहना है कि शेख हसीना अंतरिम ठहराव के लिए ही भारत पहुंची थीं और वह यहां से किसी और देश जा सकती हैं। लेकिन अब तक वह हिंडन एयरबेस में ही ठहरी थीं। कुछ वक्त पहले उन्हें दिल्ली में ही किसी सुरक्षित ठिकाने पर ले जाया गया है। अब तक यह भी साफ नहीं है कि शेख हसीना ने ब्रिटेन से शरण मांगी है अथवा नहीं।

## भारत के लिए बड़ा खतरा

# 6 पड़ोसियों को चीन कर रहा 'कंट्रोल'

**एजेंसी** | ढाका

बांग्लादेश में राजनीतिक हालात बिगड़ चुके हैं। प्रधानमंत्री शेख हसीना ने इस्तीफा दे दिया है और देश छोड़कर चली गई हैं। दूसरी तरफ यह भी खबर सामने आ रही है कि भारत पर भी खतरा मंडरा रहा है। चीन भारत के इर्द-गिर्द 6 देश को कंट्रोल कर रहा है, जो भारत विरोधी हथकंडे अपना रहे हैं।

भारत के साथ-साथ बांग्लादेश, पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल और म्यांमार पर चीन का दखल बढ़ रहा है। कहा जा रहा है कि बांग्लादेश में सैन्य समर्थित सरकार बनती है तो चीन से नजदीकियां बढ़ जाएगी और वहां के हिंदुओं पर हमले भी बढ़ जाएंगे।



### बांग्लादेश में 8 फीसदी हिंदू

बांग्लादेश में 92 फीसदी मुस्लिम है, जबकि 8 फीसदी हिंदू है. 1971 में बांग्लादेश के गठन के समय यहां 18 फीसदी हिंदू थे। पाकिस्तान के आर्मी चीफ असीम मुनीर भारत विरोधी एजेंडे पर काम करते रहते हैं। इन एजेंडों के तहत चीन पाकिस्तान को हथियार सप्लाई करता है और वही हथियार लेकर आतंकवादी और घुसपैठिए भारत में दाखिल होते हैं। चीन की बात करें तो राष्ट्रपति शी जिनपिंग भारत के लिए व्यापारिक, सामरिक और कूटनीतिक परेशानियां खड़ी कर रहे हैं।

### ऐसी करतूतें हैं ड्रैगन की

बता दें, श्रीलंका में भी कुछ समय पहले बांग्लादेश जैसे हालात थे। उसके बाद विक्रमासिंघे की सरकार बनी, जो कि चीन समर्थक है। नेपाल में केपी शर्मा ओली की चीन परस्त कम्युनिस्ट सरकार है। जो चीन के साथ मिलकर भारत विरोधी हथकंडे अपनाते रहती हैं। अंत में बात करते हैं म्यांमार की तो यहां 4 साल से सैन्य सरकार है और चीन का समर्थक है। म्यांमार सरकार भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में अलगाववादी संगठनों को समर्थन करती है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl